राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
Www.vishalindia.in




# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 329
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
बुधवार 22 अक्टूबर 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट | पेज 3 नाली विवाद : चाचा-भतीजे की हत्या | पेज 4 झांसी में रेप पीड़िता के देवर की हत्या | पेज 6 दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे चार दिवसीय मैच में कप्तानी करेंगे

## संक्षिप्त खबरें

### चंडीगढ़ में चाकू से गला काटकर मां की हत्या

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ में दीपावली (सोमवार) की सुबह एक महिला की हत्या कर दी गई। आरोप है कि उसके बेटे ने ही चाकू से गला काट कर हत्या की। पड़ोसियों को घर से महिला के चिल्लाने की आवाज सुनाई दी। पड़ोसी मौके पर पहुंचे तो दरवाजा अंदर से बंद था। लोगों ने दरवाजा खुलवाने की कोशिश की, लेकिन किसी ने गेट नहीं खोला। इसके बाद लोग छत से होकर घर में पहुंचे तो देखा कि वहां महिला का खून से लथपथ शव पड़ा था और आरोपी बेटा वहां से फरार हो चुका था। इसके बाद लोगों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया।

### पुणे के शनिवारवाड़ा में नमाज, एफआईआर

**पुणे।** पुणे के ऐतिहासिक शनिवारवाड़ा परिसर में तीन महिलाओं के नमाज पढ़ने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। पुलिस ने इस मामले में तीन अज्ञात महिलाओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस के अनुसार, यह घटना 18 अक्टूबर दोपहर करीब 1=45 बजे की है। इस मामले में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधिकारी ने शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद एफआईआर दर्ज की गई। वीडियो सामने आने के बाद भाजपा की राज्यसभा सांसद मेधा कुलकर्णी और हिंदू संगठनों के सदस्यों ने 19 अक्टूबर को शनिवारवाड़ा के बाहर विरोध प्रदर्शन किया।

# दिल्ली में पॉल्यूशन 5 साल में सबसे ज्यादा

### एक्यूआई 400 पार; दिल्ली के मंत्री बोले- पंजाब में पराली जलाने से प्रदूषण बढ़ा

**नई दिल्ली।** दिल्ली में दिवाली के बाद हवा की गुणवत्ता में तेजी से गिरावट हुई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, दिवाली के बाद दिल्ली की हवा में प्रदूषण के छोटे-छोटे कण (पीएम 2.5) का लेवल पिछले पांच सालों में सबसे ज्यादा बढ़ गया है।

दिवाली के बाद के 24 घंटों में हवा में पीएम 2.5 लेवल 488 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर तक पहुंच गया। त्योहार से पहले यह 156.6 माइक्रोग्राम था। वहीं, साल 2021 में दिवाली के बाद दिल्ली में पीएम 2.5 लेवल 454.5 था। यह 2022 में 168, 2023 में 319.7 और 2024 में 220 दर्ज किया गया था।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के खिलाफ, दिल्ली-एनसीआर में दीवाली में पूरी रात आतिशबाजी हुई। इसके कारण मंगलवार सुबह दिल्ली-एनसीआर की हवा जहरीली हो गई। CPCB के मुताबिक, द्वारका में एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 417 पहुंच गया। अशोक विहार में 404, वजीरपुर में 423 और आनंद विहार में 404 एक्यूआइ रहा।



#### सुप्रीम कोर्ट ने रात 8 से 10 बजे तक पटाखों की इजाजत दी थी

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने 15 अक्टूबर को दिल्ली-एनसीआर में 18 से 21 अक्टूबर तक ग्रीन पटाखे बेचने और फोड़ने की इजाजत दी थी। कोर्ट ने कहा था कि 4 दिनों के दौरान, लोग सुबह 6 बजे से 7 बजे तक और रात में 8 बजे से 10 बजे तक, यानी कुल तीन घंटे ही ग्रीन पटाखे फोड़ सकेंगे। हालांकि, दिल्ली-एनसीआर में दीवाली पर सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की खुलेआम धज्जियां उड़ीं। लोगों ने सुबह से लेकर देर रात तक पटाखे फोड़े। इससे मंगलवार सुबह दिल्ली में घनी धुंध छा गई। रात में भारी मात्रा में पटाखे फोड़े जाने के बाद एयर क्वालिटी रेड जोन में चली गई।

इधर, दिल्ली की भाजपा सरकार में पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने पंजाब सरकार को प्रदूषण बढ़ने का जिम्मेदार ठहराया।

उन्होंने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पंजाब में पराली जलाने के वीडियो दिखाते हुए कहा- पंजाब की आप सरकार ने किसानों को खेतों में पराली जलाने के लिए मजबूर किया, जिससे दिल्ली की हवा खराब हुई।

# केरल-तमिलनाडु में भारी बारिश, 13 जिलों में रेड अलर्ट

### पुडुचेरी में हालात बिगड़े, कई सड़कें जलमग्न; 22 अक्टूबर को स्कूल-कॉलेज बंद

नई दिल्ली/ चेन्नई/ बेंगलुरु/ हैदराबाद। देश के दक्षिण राज्यों में पूर्वोत्तर मानसून के कारण भारी बारिश हो रही है। मंगलवार को केरल के निचले इलाकों में बाढ़ आ गई। अधिकांश जिलों में दिन भर रुक-रुक कर बारिश होती रही। तिरुवनंतपुरम, कन्नूर, कोझिकोड और इडुक्की में सबसे ज्यादा बारिश हुई। भारतीय मौसम विभाग ने बुधवार को इडुक्की, पलक्कड़ और मलप्पुरममें भारी बारिश को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है। इन 5 जिलों के शैक्षणिक संस्थानों में



छुट्टी घोषित कर दी गई है। मलप्पुरम के मदरसों, आंगनबाड़ियों और ट्यूशन सेंटरों में छुट्टी होगी। तमिलनाडु के 8 जिलों में रेड अलर्ट है। विल्लुपुरम, कुड्डालोर, मयिलादुथुराई, नागपट्टिनम, तिरुवल्लूर, तंजावुर, पुदुकोट्टई और रामनाथपुरम में भारी बारिश हो सकती है। चेन्नई में बुधवार, 22 अक्टूबर को स्कूल बंद रहेंगे। मंगलवार को बारिश के कारण चेन्नई से बेंगलुरु, मदुरै, तूतीकोरिन सहित अन्य शहरों के लिए करीब 8 फ्लाइट्स 10-20 मिनट की देरी से चलीं। पुडुचेरी में मंगलवार दोपहर से लगातार बारिश हो रही है, जिससे सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। एक अधिकारी ने बताया कि सुबह 8:30 बजे से शाम 5:30 बजे के बीच लगभग 3 सेंटीमीटर बारिश दर्ज की गई। कई सड़कों पर पानी भर गया, जिससे यातायात बाधित हो गया। पुडुचेरी और कराईकल में सभी स्कूल और कॉलेज बुधवार को बंद रहेंगे।

# आरजी कर रेप-मर्डर दोषी की भांजी का शव मिला

**कोलकाता।** कोलकाता के चर्चित आर कर मेडिकल कॉलेज में रेप-मर्डर के दोषी संजय रॉय की 11 साल की भांजी का शव सोमवार को उसके घर में अलमारी से लटकता मिला। मंगलवार को गुस्साई भीड़ ने कोलकाता के भवानीपुर इलाके में बच्ची के पिता और सौतेली मां पर हमला कर दिया।

पुलिस ने बताया कि बच्ची की मौत के बाद उसके पिता भोला सिंह और उसकी दूसरी पत्नी पूजा अपने घर से भागने की कोशिश कर रहे थे। तभी पड़ोसियों ने उन्हें घेर लिया और हमला कर दिया। लोगों ने पिता की जूतों से पिटाई की। वहीं सौतेली मां को बाल पकड़कर घसीटा और पिटाई की।

स्थानीय लोगों ने दोनों पर बच्ची को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। इलाके में तनाव भड़क गया, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और दंपती को आक्रोशित पड़ोसियों से बचाकर अलीपुर पुलिस थाने ले गई।

### स्मृति दिवस



नई दिल्ली में राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर पुलिस स्मृति दिवस समारोह के दौरान पुलिसकर्मी।

# नवी मुंबई में रहवासी बिल्डिंग में आग, 4 की मौत

### सभी एक परिवार से थे, 6 साल की बच्ची भी शामिल;15 लोगों के सुरक्षित बाहर निकाला

**मुंबई।** नवी मुंबई की एक रहवासी बिल्डिंग में सोमवार रात को आग लगने से एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 6 साल की बच्ची शामिल है। 10 से ज्यादा लोग झुलस गए हैं। अब तक आग लगने की वजह सामने नहीं आई है।

रेस्क्यू टीम ने 15 लोगों के सुरक्षित बाहर निकाला। आग वाशी के सेक्टर 14 में रहेजा रेजिडेंसी बिल्डिंग की



10वीं मंजिल के एक फ्लैट से शुरू हुई और तेजी से 11वीं और 12वीं मंजिल तक फैल गई। नवी मुंबई महानगरपालिका के फायर विभाग के बताया की जानकारी मिलते ही वाशी, नेरुल, ऐरोली और कोपरखैराने से कई फायर इंजन मौके पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड टीमों ने तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। कई घंटे के बाद आग पर काबू पाया गया।

फायर विभाग के अधिकारी पुरुषोत्तम जाधव ने बताया कि चार शव बरामद किए गए, जबकि 15 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। घायलों को फोर्टिस हीरानंदानी और एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

आग की वजह से मरने वालों में सुंदर बालकृष्णन (6), कमला हीरालाल जैन (84), सुंदर बालकृष्णन (44) और पूजा राजन (39) हैं।

# बीजापुर के पदेडा में तालाब में डूबने से तीन आदिवासी बच्चों की मौत

एजेंसी

**बीजापुर।** बीजापुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत पदेडा के हिरोलीपारा में तीन आदिवासी बच्चों की तालाब में डूबने से मौत हो गई। सूत्रों के अनुसार दोपहर नहाने के दौरान तीनों बच्चे तालाब में डूब गए।

बताया जा रहा है कि दो बच्चे हिरोलीपारा स्कूल व एक बच्चा आंगनबाड़ी केंद्र में अध्ययनरत रहा। जिनकी उम्र लगभग 4-6 साल की बताई जा रही है। जिनके नाम दिनेश कोरसा, नवीन हपका (कक्षा 2) व मनीता हपका (आंगनबाड़ी) बताया गया है।

घटना की जानकारी स्थानीय प्रशासन व शिक्षा विभाग को दी गई है। प्रशासनिक टीम मौके के लिए रवाना हो गई है। पुलिस को भी इसकी सूचना दी गई है। तीनों बच्चों को बुधवार सुबह पोस्टमार्टम के लिए बीजापुर लाया जायेगा। पदेडा के पूर्व सरपंच गुड्डू कोरबा ने इस घटना की जानकारी दी व बताया कि यहां घटना दोपहर में हुई है। गांव में गमगीन माहौल बना हुआ है।



## हैप्पी मॉर्निंग


पप्पू को एक बार मुगलों के सैनिकों ने बेअदबी के जुर्म में पकड़ लिया और उसे अपने बादशाह के पास ले गए। बादशाह - इसने अपराध किया है तो इसे बंदी बना दिया जाए। पप्पू - नहीं, नहीं जहां पनाह.. रहम फरमाइए, मुझे बंदा ही रहने दिया जाए!



## शायरी

अगर फ़ुर्सत मिले पानी की
तहरीरों को पढ़ लेना
हर इक दरिया हज़ारों साल का
अफ़्साना लिखता है

## अर्थसार



सेंसेक्स:
84,426.34
+474.16 (0.56%)
निफ्टी:
25,868.60
+25.45

## मौसम



अधिकतम : 31 डिग्री से0
न्यूनतम : 19 डिग्री से0
सूर्योदय गुरुवार : 6 : 25
सूर्यास्त बुधवार : 5 : 56

# पुष्कर मेला आज से, सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद; अंतरराष्ट्रीय कलाकार देंगे प्रस्तुति

**जयपुर।** रंग रंगीले राजस्थान का सबसे बड़ा त्योहार अजमेर में लगने वाला प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय पुष्कर मेला बुधवार से शुरू हो रहा है। यह सात नवंबर तक चलेगा। मेले में देशी-विदेशी पर्यटक शामिल होंगे।

मेले के तीन चरणों में पशु मेला, सांस्कृतिक कार्यक्रम और धार्मिक मेला शामिल हैं। मेले की तैयारी के लिए पशुपालकों, विशेषकर ऊंट पालकों ने पहले से ही पुष्कर के रेतीले धोरों में डेरा डालना शुरू कर दिया था।

अश्व पालकों के लिए अस्थाई और स्थायी अस्तबल बनाए गए हैं। इस बार



ऊंट और घोड़े अपने करतब दिखाएंगे, जिसमें सीमा सुरक्षा बल के जवान भी शामिल होंगे। मेले में मिस्टर और मिस राजस्थान प्रतियोगिता का आयोजन होगा, साथ ही प्रसिद्ध गायक कलाकार रूप सिंह राठौड़ और सोनानी सिंह अपनी प्रस्तुति देंगे। सुरक्षा के लिए दो सौ से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। पुष्कर सरोवर के घाटों पर गोताखोर भी मौजूद रहेंगे।

# अमृतसर से 2 आतंकी गिरफ्तार, एंटी टैंक रॉकेट लॉन्चर बरामद

### पुलिस का दावा- दोनों पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के ऑपरेटिव से जुड़े थे

**अमृतसर।** पंजाब पुलिस ने केंद्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर अमृतसर से दो आतंकियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एंटी टैंक रॉकेट लॉन्चर बरामद हुआ है। पुलिस का दावा है कि ये दोनों पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के एक ऑपरेटिव के संपर्क में थे, जिसने इन्हें रॉकेट लॉन्चर मुहैया कराया था। इनकी दिवाली पर बड़े हमले योजना थी लेकिन इसके पहले ही पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार कर लिया।

पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि दोनों का संपर्क फिरोजपुर जेल में बंद हरप्रीत सिंह उर्फ विक्की से




भी है। विक्की हेरोइन तस्करी में जेल में बंद है।

फिलहाल, पुलिस और केंद्रीय एजेंसियां दोनों से पूछताछ की रही है। इनके लोकल नेटवर्क को तलाशा जा रहा है। पता लगाया जा रहा है कि ये कहां और किस वक्त हमला करने की साजिश कर रहे थे। एसएसपी मनिंदर सिंह ने बताया कि फिरोजपुर जेल में बंद विक्की को प्रोडक्शन वारंट पर लाया जाएगा।

#### दोनों आतंकियों की हुई पहचान

पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि आरोपियों महकदीप सिंह उर्फ महक और आदित्य उर्फ आधी को अमृतसर से गिरफ्तार किया है। इस ऑपरेशन के दौरान पुलिस ने एक रॉकेट प्रोपेल्ड ग्रेनेड (रॉकेट लॉन्चर) भी बरामद किया है। इस आरपीजी का इस्तेमाल एक निर्धारित आतंकी हमले में किया जाना था। इस संबंध में पुलिस स्टेशन घरिंडा, अमृतसर में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और पूरे नेटवर्क को उजागर करने के लिए जांच जारी है।

एफआईआर

### मंत्री रहीं मां पर भी केस; बेटे का पुराना वीडिओ वायरल : कहा, पत्नी मेरी, शादी डैड से

# पंजाब के पूर्व डीजीपी पर बेटे की हत्या की एफआईआर

पंचकूला। पंजाब के पूर्व डीजीपी मोहम्मद मुस्तफा और उनकी पत्नी व पंजाब की पूर्व मंत्री पत्नी रजिया सुल्ताना पर हरियाणा के पंचकूला में बेटे की हत्या की एफआईआर दर्ज हुई है। मुस्तफा-रजिया के साथ उनकी बेटी और बहू को भी आरोपी बनाया गया है। मुस्तफा के बेटे अकील (35) की 16 अक्टूबर की देर रात पंचकूला में मौत हुई थी। तब परिवार ने कहा था कि दवाओं के ओवरडोज से मौत हुई। लेकिन, अकील की मौत के बाद उसका 27 अगस्त का पुराना वीडियो सामने आ गया। इसमें अकील ने कहा था कि मुझे पूर्व डीजीपी पिता के अपनी पत्नी से अवैध



अकील अख्तर मृतक बेटा | रजिया सुल्ताना मां,पूर्व मंत्री | मो.मुस्तफा पिता, पूर्व डीजीपी

संबंध होने का पता चल गया। वह पत्नी मेरी थी, लेकिन शादी जैसे डैड से की हो। इसके बाद से परिवार के लोग उसकी हत्या की साजिश कर रहे हैं। इसी को आधार बनाकर अकील की पहचान वाले शमशुद्दीन ने पंचकूला पुलिस कमिश्नर को शिकायत भेजी थी। जिसमें वीडियो का हवाला देते हुए मामले की जांच की मांग की गई थी। अकील का एक बेटा और एक बेटी है। अकील पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में प्रैक्टिस करते थे। पंचकूला की डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने कहा कि एसीपी रैंक के अधिकारी की अगुआई वाली एसआईटी गठित की गई है। वही इस मामले की जांच करेगी।

#### अकील का परिवार से विवाद चल रहा था

मालेरकोटला के मॉडल टाउन में रहने वाले शमशुद्दीन ने 17 अक्टूबर को पंचकूला के पुलिस कमिश्नर को शिकायत भेजी थी। जिसमें उन्होंने पूर्व डीजीपी मुस्तफा और उनकी पंजाब की पूर्व मंत्री पत्नी रजिया सुल्ताना के बेटे अकील की संदिग्ध मौत की जांच की मांग की थी। शमशुद्दीन ने कहा था कि पंचकूला के मनसा देवी मंदिर के पास सेक्टर 4 में रहने वाले अकील और उसके परिवार के बीच विवाद चल रहा था।

#### अकील ने वीडियो में पिता और पत्नी पर आरोप लगाए थे

शमशुद्दीन ने कहा- 27 अगस्त को अकील ने भी एक वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था। अकील ने कहा था कि उसे पिता मुस्तफा और अपनी पत्नी के बीच अवैध संबंधों का पता चल गया। इसके बाद उसकी मां और बहन समेत पूरा परिवार उसकी हत्या करने या उसे झूठे केस में फंसाने की साजिश रच रहे थे। अकील ने अपनी जान को खतरा बताते हुए परिवार के हाथों कत्ल होने का शक जताया था।

# दलित युवक को बंधक बनाने, पेशाब पिलाने के आरोप

### भिंड में गाड़ी चलाने से मना किया तो पीटा; दो आरोपी हिरासत में, एक फरार

**भिंड।** भिंड में तीन युवकों पर दलित वर्ग के ड्राइवर के साथ मारपीट करने और पेशाब पिलाने के आरोप लगे हैं। ड्राइवर का कहना है कि तीनों युवक उसे ग्वालियर से बंधक बनाकर भिंड के सुरपुरा लाए। उसे पीटा, जबरन शराब पिलाई, फिर पेशाब पीने पर मजबूर किया। फिर छोड़कर भाग गए।

मामला सोमवार रात का है। पीड़ित को मंगलवार सुबह भिंड जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी लगते ही एडिशनल एसपी संजीव पाठक और कलेक्टर करोड़ी



लाल मीणा अस्पताल पहुंचे। पीड़ित से बात की। फिलहाल, पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लेकर केस दर्ज कर लिया है।

पीड़ित युवक ने पुलिस को बताया कि वह पेशे से ड्राइवर है। पहले दतावली गांव के सोनू बरुआ (38) की बोलेरो चलाता था। बीते कुछ दिन से गाड़ी चलाना बंद कर दिया था और ग्वालियर के दीनदयाल नगर में अपने ससुराल जाकर रहने लगा था।

# संपादकीय

## दिल्ली-एनसीआर में भयानक प्रदूषण : सरकार के दावे फिर फेल



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

दीपावली की रोशनी में डूबते ही दिल्ली–एनसीआर का आसमान जहरीली धुंध में लिपट गया है। वायु गुणवत्ता सूचकांक 350 को पार कर बहुत खराब श्रेणी में पहुंच गया है, जो सांस लेना भी दूभर बना रहा है। पर्यावरण मंत्री ने वादा किया था कि विंटर एक्शन प्लान–2025 से प्रदूषण पर काबू पा लिया जाएगा– धूल नियंत्रण, वाहनों पर सख्ती, पराली जलाने पर रोक। लेकिन हकीकत में ये दावे खोखले साबित हो रहे हैं। पराली जलाने, पटाखों और वाहनों के धुएं ने पूरे क्षेत्र को स्मॉग की चपेट में ले लिया है। क्या दिल्लीवासी अब भी साफ हवा का इंतजार करेंगे ? अक्टूबर की शुरुआत से ही प्रदूषण का ग्राफ चढ़ता जा रहा है। 14 अक्टूबर को एक्यूआई 211 पर पहुंचा, तो कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट ने ग्रेप–1 लागू किया। लेकिन दीपावली के बाद 19 अक्टूबर को यह 300 पार हो गया, और 21 अक्टूबर तक बहुत खराब (301–400) में स्थिर हो गया। IMD की चेतावनी के मुताबिक, शांत हवाएं और कम तापमान प्रदूषकों को जमीन के पास कैद कर रहे हैं। नोएडा, गुरुग्राम और फरीदाबाद जैसे एनसीआर शहरों में एक्यूआई 400 के करीब पहुंच गया है। अस्पतालों में सांस की बीमारियां 20त्न बढ़ गईं – अस्थमा, ब्रोंकाइटिस के मरीजों की संख्या रिकॉर्ड स्तर पर। एक डॉक्टर ने बताया, बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित। आंखों में जलन, खांसी और सिरदर्द आम शिकायतें हैं। सरकार के दावे सुनने में अच्छे हैं, लेकिन अमल में फिसड्डी। विंटर एक्शन प्लान में 12,000 से अधिक एंटी–स्मॉग गन तैनात करने, कंस्ट्रक्शन साइट्स पर धूल रोकने और पुराने डीजल वाहनों पर प्रतिबंध का वादा था। ग्रेप–2 लागू होने के बाद डीजल जेनरेटर सेट्स पर बैन, सख्त कंस्ट्रक्शन नियम और इंडस्ट्री में पावर प्लांट्स पर सीमाएं लगाई गईं। दिल्ली सरकार ने क्लाउड सीडिंग (कृत्रिम बारिश) का पायलट प्रोजेक्ट पूरा होने का दावा किया, जो दो–तीन दिनों में शुरू हो सकता है। लेकिन ये उपाय क्यों फेल हो रहे ? पराली जलाने पर सब्सिडी दी गई – पंजाब में 1.17 लाख, हरियाणा में 80,000 मशीनें वितरित। फिर भी, 20 अक्टूबर को पंजाब के बठिंडा और तरन तारन में बड़े पैमाने पर पराली जलाई जा रही थी। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हैं, जहां किसान खुलेआम आग लगा रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, पंजाब में पराली जल रही है, लेकिन लिबरल्स दीवाली को दोष देंगे।

दीवाली के पटाखों ने आग में घी डाला। सुप्रीम कोर्ट ने ग्रीन क्रैकर्स की अनुमति दी, लेकिन बाजारों में बैरन के पटाखे बिके। दिल्ली सरकार ने बैन लगाया, लेकिन एनफोर्समेंट ढीला रहा। रात भर धमाकों से एक्यूआई रॉकेट की तरह चढ़ा। एक पोस्ट में व्यंग्य किया गया, दीवाली रात को भारत आकाश से ऐसा दिखा – पूरा देश धुंध में। वाहनों का योगदान 30त्न है, लेकिन ट्रैफिक मैनेजमेंट फेल। पुराने वाहनों पर बैन के बावजूद, दिल्ली में 10 साल से पुराने डीजल BS-III वाहन घूम रहे हैं। इंडस्ट्री और कंस्ट्रक्शन से धूल उड़ रही है, क्योंकि मॉनिटरिंग कमजोर।

विशेषज्ञों का कहना है कि ये समस्या मौसमी नहीं, संरचनात्मक है। 2009 की ग्राउंडवाटर कंजर्वेशन पॉलिसी ने फसल चक्र छोटा कर दिया, जिससे पराली जलाना बढ़ा। दशक भर के आंकड़ों से साफ है कि प्रदूषण स्रोत – वाहन (40 प्रतिशत), पराली (25 प्रतिशत), इंडस्ट्री (15 प्रतिशत) – वही हैं। सरकार के उपाय अस्थायी हैं – ग्रेप स्टेजेस, लेकिन लॉन्ग–टर्म प्लानिंग की कमी। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र–राज्य सरकारों को फटकार लगाई, एक्यूआई 300 पार होने तक इंतजार क्यों ? एनसीआर में थर्मल प्लांट्स बंद करने जैसे कदम उठे, लेकिन पड़ोसी राज्यों का सहयोग नाकाफी।

इस प्रदूषण का असर स्वास्थ्य पर घातक है। WHO के मुताबिक, दिल्ली में प्रतिवर्ष 50,000 से अधिक मौतें प्रदूषण से। बच्चे, गर्भवती महिलाएं और बुजुर्ग जोखिम में। सांस की बीमारियां 15–20 प्रतिशत बढ़ सकती हैं। आर्थिक नुकसान – उत्पादकता घटी, मेडिकल खर्च बढ़ा। सोशल मीडिया पर गुस्सा भरा है : सरकार के दावे झूठे, सांस लेना भी जंग बन गया। एक यूजर ने कहा, हिंदू खतरे में था, तो पटाखे फोड़े – अब एक्यूआई 2000 में सुरक्षित!

सरकार को अब ठोस कदम उठाने चाहिए – पराली के लिए वैकल्पिक तकनीक अनिवार्य, इलेक्ट्रिक वाहनों पर सब्सिडी बढ़ाएं, एनसीआर में ट्रैक विस्तार। जनता को सलाह : मास्क पहनें, एयर प्यूरीफायर इस्तेमाल करें, आउटडोर एक्टिविटी कम करें। क्लाउड सीडिंग जैसे इमरजेंसी उपाय तात्कालिक हैं, लेकिन जड़ें मजबूत करनी होंगी। वरना, यह स्मॉग दिल्ली की पहचान बन जाएगा। साफ हवा अधिकार है, दावा नहीं!


## जीवन बचाने की पहल

देश में यदि अंगदान हेतु जागरूकता व प्रेरणादायक राष्ट्व्यापी मुहिम चलाई जाए तो हर साल हम लाखों ज़िंदगियां बचा सकते हैं। लेकिन विडंबना यह है कि देश में इसके लिये सरकार व समाज के स्तर पर गंभीर पहल अब तक नहीं की गई। वहीं कई अंधविश्वास और धार्मिक रूढ़िवादिता के चलते लोग अपने परिजनों के निधन पर अंगदान करने से परहेज़ करते हैं। विडंबना यह है कि देश में दशकों से इस मुद्दे पर चर्चा करने के बावजूद आज दस लाख लोगों पर सिर्फ़ 0.9 अंगदाता हैं, जबकि एक छोटे से देश स्पेन का उदाहरण लें तो वहां यह दर तीस से ज़्यादा है। यही वजह है कि जागरूकता के अभाव में हर साल लाखों मरीज़ अंग प्रत्यारोपण के इंतज़ार में मर जाते हैं। वहीं कई अन्य लोग अंग प्रत्यारोपण न हो पाने के कारण जीवन पर्यंत विकलांगता का जीवन जीने को अभिशप्त रहते हैं। इस राष्ट्रीय चुनौती को महसूस करते हुए केंद्र सरकार ने सभी अस्पतालों को अपने आईसीयू में अंग और ऊतक दान को प्रेरित करने वाली टीमें तैनात करने के निर्देश दिए हैं। निश्चित रूप से यह ज़रूरी है और समय की मांग भी है। इस दिशा में दशकों से प्रयासरत राष्ट्रीय अंग और ऊतक प्रत्यारोपण संगठन एनओटीटीओ ने अब हर अस्पताल से ब्रेन–स्टेम डेथ कमेटी के सदस्यों और परामर्शदाताओं वाली एक समर्पित टीम बनाने का आग्रह किया है, जो मृतकों के परिवारों को इस प्रक्रिया में भागीदारी के लिये मार्गदर्शन करेगी। यह एक ज़रूरी कदम है क्योंकि समय पर परामर्श, जागरूकता और समन्वय के अभाव में हम उपयोग में आने वाले अंगों के दान से वंचित हो जाते हैं। हम अक्सर देखते हैं कि जब तक शोकसंतप्त परिवारों से संपर्क किया जाता है, तब तक अंग या ऊतक की पुनर्प्राप्ति का रास्ता हमेशा के लिये बंद हो चुका होता है। निश्चित रूप से इस दिशा में सार्वजनिक शिक्षा और पारदर्शी व्यवस्थाएं इस विश्वास की कमी की खाई को पाट सकती हैं। निस्संदेह, सरकारी निर्देश ही समस्या का समाधान नहीं है। कई अस्पतालों, ख़ासकर छोटे शहरों में, अंग प्रत्यारोपण समन्वयकों, प्रशिक्षित आईसीयू कर्मचारियों और यहां तक कि अंगों के संरक्षण और परिवहन के लिये बुनियादी ढांचे का भी नितांत अभाव होता है। इस दिशा में गंभीर पहल न हो पाने के कारण अंग प्रत्यारोपण के मामले में निजी क्षेत्र के अस्पताल ही अभी आगे हैं, जबकि सरकारी अस्पताल इस दिशा में पिछड़ गए हैं। सरकारी अस्पतालों में अंगदान करने के लिये शोकसंतप्त परिवारों को प्रेरित करने के लिये प्रशिक्षण, संसाधन जुटाने तथा प्रोत्साहन के लिये पर्याप्त आर्थिक संसाधन जुटाने की ज़रूरत है। जब वित्तीय मदद और अन्य सुविधाएं नहीं होंगी, तब सरकारी निर्देश भी इस दिशा में निष्प्रभावी रहेंगे। सबसे महत्वपूर्ण इस दिशा में लोगों का विश्वास अर्जित करना है। उन्हें बताना होगा कि मृत देह का यदि किसी को जीवन देने के रूप में उपयोग हो पाए तो वह ऋषिकर्म जैसा होगा। फिर खो चुके परिजन के अंग को भी वे इस कार्य से किसी अन्य शरीर में जीवंत रूप में देख सकेंगे। निस्संदेह, यह एक पुण्य का कार्य है जो मृतक परिजन की आत्मा को भी शांति देगा। विडंबना यह है कि भारत में आज भी अंगदान के विचार के साथ कई तरह के मिथक, भय और गलत जानकारियां जुड़ी हैं, जिसके चलते मृत व्यक्ति के परिजन अंगदान की पहल से गुरेज़ करते हैं।

22 अक्टूबर गोवर्धन पूजा पर विशेष

# गायों की पूजा का त्योंहार है गोवर्धन पूजा

रमेश सर्राफ धमोरा



गोवर्धन पूजा एक प्रमुख त्योहार है। लोग इसे अन्नकूट के नाम से भी जानते हैं। इस पर्व की अपनी मान्यता और लोककथा है। इस त्यौहार का भारतीय लोकजीवन में काफी महत्व है। इस पर्व में प्रकृति के साथ मानव का सीधा सम्बन्ध दिखाई देता है। भगवान श्रीकृष्ण ने आज ही के दिन इन्द्र का मानमर्दन कर गिरिराज पूजन किया था। कबीर दास जी कहते है :

कबीर गोवर्धन कृष्ण जी उठाया, द्रोणागिरि हनुमंत। शेष नाग सब सृष्टी उठाई, इनमें को भगवंत।।

इस दिन मन्दिरों में अन्नकूट किया जाता है। अन्नकूट एक प्रकार से सामूहिक भोज का आयोजन है जिसमें पूरा परिवार एक जगह बनाई गई रसोई से भोजन करता है। इस दिन चावल, बाजरा, कढ़ी, साबुत मूंग सभी सब्जियां एक जगह मिलाकर बनाई जाती हैं। मंदिरों में भी अन्नकूट बनाकर प्रसाद के रूप में बांटा जाता है। सायंकाल गोबर के गोवर्धन बनाकर पूजा की जाती है।

अन्नकूट में चंद्र-दर्शन अशुभ माना जाता है। यदि प्रतिपदा में द्वितीया हो तो अन्नकूट अमावस्या को मनाया जाता है। इस दिन सन्ध्या के समय दैत्यराज बलि का पूजन भी किया जाता है।

गोवर्धन गिरि भगवान के रूप में माने जाते हैं और इस दिन उनकी पूजा अपने घर में करने से धन, धान्य, संतान और गोरस की वृद्धि होती है। आज का दिन तीन उत्सवों का संगम होता है।

इस दिन दस्तकार और कल-कारखानों में कार्य करने वाले कारीगर भगवान विश्वकर्मा की पूजा भी करते हैं। इस दिन सभी कल-कारखाने तो पूर्णत: बंद रहते हैं। घर पर कुटीर उद्योग चलाने वाले कारीगर भी काम नहीं करते। भगवान विश्वकर्मा और मशीनों का दोपहर के समय पूजन किया जाता है।

गोवर्धन पूजा में गोधन यानी गायों की पूजा की जाती है। शास्त्रों में बताया गया है कि गाय उसी प्रकार पवित्र होती जैसे नदियों में गंगा। गाय को देवी लक्ष्मी का स्वरूप भी कहा गया है। देवी लक्ष्मी जिस प्रकार सुख समृद्धि प्रदान करती हैं उसी प्रकार गौ माता भी अपने दूध से स्वास्थ्य रूपी धन प्रदान करती हैं। इनका बछड़ा खेतों में हल जोतकर अनाज उगाता है।

इस तरह गौ सम्पूर्ण मानव जाती के लिए पूजनीय और आदरणीय है। गौ के प्रति श्रद्धा प्रकट करने के लिए ही कार्तिक शुक्ल पक्ष प्रतिपदा के दिन गोर्वधन की पूजा की जाती है और इसके प्रतीक के रूप में गाय की।

वेदों में इस दिन वरुण, इन्द्र, अग्नि आदि देवताओं की पूजा का विधान है। इसी दिन बलि पूजा, गोवर्धन पूजा होती हैं। इस दिन गाय-बैल आदि पशुओं को स्नान कराकर, फूल माला, धूप, चंदन आदि से उनका पूजन किया जाता है।

गायों को मिठाई खिलाकर उनकी आरती उतारी जाती है। यह ब्रजवासियों का मुख्य त्योहार है। अन्नकूट या गोवर्धन पूजा भगवान कृष्ण के अवतार के बाद द्वापर युग से प्रारम्भ हुई। उस समय लोग इन्द्र भगवान की पूजा करते थे तथा छप्पन प्रकार के भोजन बनाकर तरह-तरह के पकवान व मिठाइयों का भोग लगाया जाता था।

दीपावली के दूसरे दिन सायंकाल गोवर्धन पूजा का विशेष आयोजन होता है। इस दिन प्रात: गाय के गोबर से लेटे हुए पुरुष के रूप में गोवर्धन बनाया जाता है। अनेक स्थानों पर इसके मनुष्याकार बनाकर पुष्पों, लताओं आदि से सजाया जाता है। इनकी नाभि के स्थान पर एक कटोरी या मिट्टी का दीपक रख दिया जाता है।

फिर इसमें दूध, दही, गंगाजल, शहद, बताशे आदि पूजा करते समय डाल दिए जाते हैं और बाद में इसे प्रसाद के रूप में बांट देते हैं। शाम को गोवर्धन की पूजा की जाती है। पूजा में धूप, दीप, नैवेद्य, जल, फल, फूल, खील, बताशे आदि का प्रयोग किया जाता है। पूजा के बाद गोवर्धनजी की जय बोलते हुए उनकी सात परिक्रमाएं लगाई जाती हैं। परिक्रमा के समय एक व्यक्ति हाथ में जल का लोटा व अन्य जौ लेकर चलते हैं। जल के लोटे वाला व्यक्ति पानी की धारा गिराता हुआ तथा अन्य जौ बोते हुए परिक्रमा पूरी करते हैं।

महाराष्ट्र में यह दिन बालि प्रतिपदा या बालि पड़वा के रूप में मनाया जाता है। भगवान विष्णु के एक अवतार वामनकी राजा बलि पर विजय और बाद में राजाबलि को पाताल लोक भेजने के कारण इस दिन उनका पुण्य स्मरण किया जाता है।

माना जाता है कि भगवान वामन द्वारा दिए गए वरदान के कारण असुर राजा बलि इस दिन पातल लोक से पृथ्वी लोक आता है। अधिकतर गोवर्धन पूजा का दिन गुजराती नव वर्ष के दिन के साथ मिल जाता है जो कि कार्तिक माह की शुक्ल पक्ष के दौरान मनाया जाता है।

गोवर्धन पूजा उत्सव गुजराती नव वर्ष के एक दिन पहले मनाया जा सकता है और यह प्रतिपदा तिथि के प्रारम्भ होने के समय पर निर्भर करता है।

गोवर्धन पूजा के सम्बन्ध में एक लोकगाथा प्रचलित है कि देवराज इन्द्र का अभिमान चूर करने हेतु भगवान श्री कृष्ण ने एक लीला रची। एक दिन उन्होंने देखा के सभी बृजवासी उत्तम पकवान बना रहे हैं और किसी पूजा की तैयारी में जुटे।

श्री कृष्ण ने यशोदा मैया से प्रश्न किया कि आप लोग किन की पूजा की तैयारी कर रहे हैं। कृष्ण की बातें सुनकर यशोदा मैया बोली हम देवराज इन्द्र की पूजा के लिए अन्नकूट की तैयारी कर रहे हैं।

मैया के ऐसा कहने पर श्री कृष्ण बोले मैया हम इन्द्र की पूजा क्यों करते हैं? यशोदा ने कहा वह वर्षा करते हैं जिससे अन्न की पैदावार होती है। उनसे हमारी गायों को चारा मिलता है।

भगवान श्री कृष्ण बोले हमें तो गोर्वधन पर्वत की पूजा करनी चाहिए क्योंकि हमारी गाये तो वहीं चरती हैं। इस दृष्टि से गोर्वधन पर्वत ही पूजनीय है और इन्द्र तो कभी दर्शन भी नहीं देते व पूजा न करने पर क्रोधित भी होते हैं। अत: ऐसे अहंकारी की पूजा नहीं करनी चाहिए।

श्री कृष्ण के कहने पर सभी ने इन्द्र के बदले गोवर्घन पर्वत की पूजा की। देवराज इन्द्र ने इसे अपना अपमान समझा और मूसलाधार वर्षा शुरू कर दी। तब श्री कृष्ण ने अपनी कनिष्ठा उंगली पर पूरा गोवर्घन पर्वत उठा लिया और सभी बृजवासियों को उसमें अपने गाय और बछड़े समेत शरण लेने के लिए बुलाया। इन्द्र कृष्ण की यह लीला देखकर और क्रोधित हुए फलत: वर्षा और तेज हो गयी। इन्द्र का मान मर्दन के लिए तब श्री कृष्ण ने सुदर्शन चक्र से कहा कि आप पर्वत के ऊपर रहकर वर्षा की गति को नियत्रित करें और शेषनाग से कहा आप मेड़ बनाकर पानी को पर्वत की ओर आने से रोकें।

इन्द्र लगातार सात दिन तक मूसलाधार वर्षा करते रहे तब उन्हे एहसास हुआ कि उनका मुकाबला करने वाला कोई आम मनुष्य नहीं हो सकता। अत: वे ब्रह्मा जी के पास पहुंचे और सब वृतान्त कह सुनाया। ब्रह्मा जी ने इन्द्र से कहा कि आप जिस कृष्ण की बात कर रहे हैं वह भगवान विष्णु के साक्षात अंश हैं। ब्रह्मा जी के मुख से यह सुनकर इन्द्र अत्यंत लज्जित हुए और श्री कृष्ण से कहा कि प्रभु मैं आपको पहचान न सका। इसलिए अहंकारवश भूल कर बैठा। आप दयालु हैं और कृपालु भी इसलिए मेरी भूल क्षमा करें। इसके पश्चात देवराज इन्द्र ने श्री कृष्ण की पूजा कर उन्हें भोग लगाया।

सातवें दिन श्रीकृष्ण ने गोवर्धन को नीचे रखा और ब्रजवासियों से कहा अब तुम प्रतिवर्ष गोवर्धन पूजा कर अन्नकूट का पर्व मनाया करो। तभी से यह पर्व अन्नकूट के नाम से मनाया जाने लगा। इस पौराणिक घटना के बाद से ही गोवर्घन पूजा की जाने लगी।

इस दिन देश के बहुत से प्रदेशों में लोग गोवर्धन पर्वत की पूजा करते हैं। गाय बैल को इस दिन स्नान कराकर उन्हें रंग लगाया जाता है। उनके गले में नई रस्सी डाली जाती है। गाय और बैलों को गुड़ और चावल मिलाकर खिलाया जाता है।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3687

खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:

1 2 3 5

1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

काकुरो - 3686 का हल

## हंसी के फूव्वारें

'सुधीर, आज जब मैं पढ़ा रहा था तो तुम बातें कर रहे थें. अध्यापक ने कहा.'
'नहीं सर, आपको भ्रम हो गया लगता है मैं तो नींद में कभी बाते नहीं करता हूँ.'

'कल रात अंधेरे में एक चोर मेरे कमरे में घुस आया.' एक लड़की ने अपने प्रेमी को बताया.
'फिर क्या उसने कुछ चुराया ?' प्रेमी ने पूछा.
'हां, बहुत कुछ चुराकर ले गया, मैं समझी कि तुम आये हो.'

मालिक(नौकर से) : रामू इस वर्ष तुम चार बार अपने दादा के मरने की छुट्टी ले चुके हो अब किस बात की छुट्टी चाहिए?
रामू: मालिक मेरी दादी की शादी है.

एक महिला ने अपनी सखी को बताया,'मेरे लिए पति की देखभाल करना मुश्किल काम नहीं, आखिर मैं अपने चार बच्चों को पाल चुकी हूँ.'

रात्रि का समय था. हवलदार ने एक साइकिल सवार को बिना रोशनी लगाये आते देखा तो उसने रोका और पूछा-'यह साइकिल तुम्हारी है?'
'जी नहीं.'
'तुम्हारा नाम'
'जी वह मेरा अपना है.'

## फिल्म वर्ग पहेली-3687

**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, सलमान, हेमा, महिमा की 'होरी खेले' गीत वाली फिल्म-४
४. 'नचना तेरे नाल' गीत वाली अमिताभ, जैकी श्रॉफ, मधु सप्रे, कैटरीना कैफ, जीनत, सीमा की फिल्म-२
६. सुनील शेट्टी, सोनाली बेंद्रे की 'तुम से मिलने को' गीत वाली फिल्म-३
७. 'चढ़ गया ऊपर रे' गीत वाली मिथुन, आयशा जुल्का की फिल्म-३
९. अमजद, विनोद मेहरा, बिंदिया की 'पर्दे में कोई बैठा है' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'मिलती है झुकती है' गीत वाली आफताब, युक्ता मुखी की फिल्म-२
१२. बलराज साहनी, नूतन की 'तु प्यार का सागर है' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'मेरी पैंट भी सैक्सी' गीत वाली गोविंदा, करिश्मा की फिल्म-३
१५. अजय देवगन, पुजा, सोनाली की 'तुम आये तो' गीत वालीफिल्म-२
१६. 'दिल ही दिल में' गीत वाली विवेक ओबेराय, दीया की फिल्म-२
१८. अजय, अभिषेक, बिपाशा की 'दिल्ली की सर्दी' गीत वाली फिल्म-३
२१. अमिताभ वाली फिल्म 'याराना' की नायिका कौन थी-२
२२. 'टपका रे टपका' गीत वाली संजयदत्त, माधुरी की फिल्म-४
२५. धर्मेन्द्र, हेमा की 'दुनिया जब जलती है' गीत वाली फिल्म-२
२६. 'अल्हड़ मस्त जवानी' गीत वाली अजय देवगन, ग्रेसी सिंह की फिल्म-४
२७. डिनो मोरिया, बिपाशा की 'जब दिल चुराये' गीत वाली फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. अक्षय, रवीना की 'एक लड़की एक लड़का' गीत वाली फिल्म-३
२. 'आँखों के रस्ते' गीत वाली बॉबी देओल रानी मुखर्जी की फिल्म-३
३. गोविंदा, करिश्मा की 'तुमसा कोई प्यारा' गीत वाली फिल्म-३
५. 'चुपके से दिल' गीत वाली राजकुमार, राजेश खन्ना, मालासिन्हा की फिल्म-३
८. अनिल कपूर, श्रीदेवी, रवीना की 'लड़की है क्या' गीत वाली फिल्म-३
९. 'जागे जागे नैनों में' गीत वाली अमोल पालेकर, रंजीता की फिल्म-३
११. संजय, सलमान, माधुरी की 'जियें तो जियें' गीत वाली फिल्म-३
१३. 'बन्नो तेरी अँखियाँ' गीत वाली सनी, जैकी, मनीषा की फिल्म-३
१४. डिनो, बिपाशा की 'कितना प्यारा है' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'रहें ना रहें हम' गीत वाली धर्मेन्द्र, सुचित्रा सेन की फिल्म-३
१९. 'मैं चुप रहूँगी' में सुनीलदत्त के साथ नायिका कौन थी ?-२
२०. फिल्म 'करीब' में बॉबी देओल के साथ नायिका कौन थी ?-२
२२. आफताब, उर्मिला की 'सुना था देखा ना था' गीत वाली फिल्म-२
२३. 'मैं तेरी दुश्मन' गीत वाली ऋषि कपूर, श्रीदेवी की फिल्म-३
२४. जाकिर, शबाना, अरूणा की 'बादल चाँदी बरसाये' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 3686

## सूडोकु -3687

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | 1 | 8 |
| | | | 6 | 7 | | | | 2 |
| | | | 8 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | |
| | | | | | | 3 | 5 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 1 | | | | 4 | 7 | | | |
| 9 | 6 | | | | | | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3686 का हल

## शब्द पहेली - 3687

**बाएँ से दाएँ**

1.असभ्यता,मूर्खता-4
3.निर्भय,बहादुर-3
5.प्याला-2
6.सहारा,शरण-3
7.मां का भाई-2
9.साठ वर्ष की अवधि-3
11.परतंत्रता,गुलामी-5
14.दानव,दैत्य-3
16.लूटपाट-4
17.वाद्य यंत्र-2
18.परछाई,छाया-2
19.आदत,स्वभाव(उर्दू-4)
23.जंगल,वन-3
24.सेंधमार-5
27.गजल लिखने वाला-3
28.मोटा आटा,सूजी-2
30.गुलिस्तां,बाग-3
31.एक ग्रह,शनिश्चर-2
32.दबाना,कुचलना-3
33.रोब वाला, ठसके वाला-4

**ऊपर से नीचे**

1.मंत्रों का पाठ-2
2.उद्देश्यहीन-4
3.अनूठा,अनोखा-3
4.लक्ष्मी,कमला-2
5.खीजना,रोना-4
6.एक पौधा,अकुवा, आकड़ा-2
8.दक्ष,होशियार-3
10.जमींकंद,एक सब्जी-3
12.धैर्य,संयम-3
13.अस्थमा-2
15.एक गायिका-3
17.वर्षा ऋतु-3
18.महोदय-3
20.पैंदा,तला-2
21.पुत्र,बेटा-3
22.अवमानना-4
23.नास्तिक (उर्दू-3)
25.करामात-4
26.प्रतिज्ञा-3
27.ठाठ-बाट-2
29.अदालत में प्रस्तुत दावा-2
31.तीर,बाण-2

शब्द पहेली -3686 का हल

# नाली विवाद : चाचा-भतीजे की हत्या

## ग्रेटर नोएडा में लाठी-डंडों से जमकर पीटा, 8 राउंड फायरिंग कर भागे





**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में नाली के झगड़े में चाचा-भतीजे की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पहले दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। फिर एक पक्ष के लोगों ने गुस्से में दूसरे पक्ष पर फायरिंग कर दी। इसमें चाचा-भतीजे समेत एक अन्य युवक घायल हो गया। तीन लोगों को गोली लगते देख आरोपी थार और स्विफ्ट कार से भाग निकले। मौके पर मौजूद लोगों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने चाचा-भतीजे को मृत घोषित कर दिया। युवक की हालत गंभीर है। घटना से नाराज घरवालों ने चौकी के सामने जीटी रोड पर सड़क जाम कर दिया। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे।

हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घरवालों से बात कर उन्हें कार्रवाई का आश्वासन दिया। तब जाकर वे शांत हुए। इसके बाद शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। मामला जारचा थाना क्षेत्र का है।

### नाली को लेकर 19 अक्टूबर को भी हुआ था झगड़ा

प्रिंस भाटी और अजय पाल सेथली गांव में रहते हैं।

दोनों पड़ोसी हैं। अजय पाल सीआईएसएफ से इसी साल मार्च में एसआई के पद से रिटायर हुए हैं। उनके बीच नाली से पानी निकालने को लेकर अक्सर झगड़ा होता रहता था। रविवार को भी उनके बीच कहासुनी और झगड़ा हुआ था। सोमवार सुबह प्रिंस भाटी ने अपने मामा के यहां से कुछ लड़कों को फोन करके बुला लिया। इसके बाद वे लोग स्विफ्ट और थार से आए।

उन्होंने लाठी-डंडे और हथियार ले रखे थे। उन्होंने अजय पाल के घर के बाहर गाली-गलौज शुरू कर दी।

### अजय पाल और भतीजे दीपांशु ने अस्पताल में तोड़ा दम

अजय पाल और उसके परिवार के लोग विरोध करने के लिए जैसे ही बाहर आए, उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

इसी दौरान प्रिंस के लोगों ने अजय पाल और उसके परिवारवालों पर फायरिंग कर दी। 8 राउंड गोलियां चलीं। इस घटना में अजय पाल और उसके भतीजे दिपांशु भाटी को गोली लग गई। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घरवाले दोनों को अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### परिजनों ने सड़क जाम कर किया प्रदर्शन

अजय पाल और दीपांशु की मौत होने के बाद उनके घरवाले चौकी के पास पहुंचे। वे जीटी रोड पर धरने पर बैठ गए। सड़क जाम कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। सूचना मिलते ही जारचा थाने से पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। परिजन से बात कर घटना की जानकारी ली। परिजन ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। अधिकारियों ने उन्हें कार्रवाई का आश्वासन दिया। आधे घंटे बाद वे माने। उनके जाने के बाद पुलिस ने जाम खुलवाया। डीसीपी साद मिया खान ने बताया- सेंथली चौकी इलाके में आज फायरिंग की घटना हुई। इसमें दीपांशु भाटी और अजय की मौत हो गई। परिजन की शिकायत पर प्रिंस भाटी, बॉबी तोमर और मनोज नागर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। घटना की जांच और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 4 टीमें बनाई गई हैं। कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। जल्द ही सभी आरोपी पकड़े जाएंगे।

# ग्रेटर नोएडा में हत्यारोपी बदमाश से मुठभेड़

## शराब पीने के दौरान विवाद में दोस्त की हत्या की, पैर में लगी गोली

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के दादरी थाना क्षेत्र में पुलिस और हत्या के एक फरार आरोपी सचिन के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान बदमाश के पैर में गोली लगी, जिससे वह घायल हो गया। आरोपी की पहचान चक्रसेनपुर निवासी सचिन के रूप में हुई है।

सोमवार रात दादरी पुलिस ने ग्राम नंगला नैनसुख में हत्या के आरोपी सचिन को आईटीआई कॉलेज नंगला नैनसुख के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी को हत्या में प्रयुक्त तमंचा बरामद कराने के दौरान पुलिस से मुठभेड़ हुई। सचिन ने पुलिस पार्टी का हथियार छीनकर भागने की कोशिश की और जान से मारने की नीयत से पुलिस पर फायर भी किया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली लगने से वह घायल हो गया। पुलिस ने उसके पास से एक 315 बोर का तमंचा और एक खोखा कारतूस बरामद किया है।



ग्रेटर नोएडा के एडिशनल डीसीपी सुधीर कुमार ने बताया कि पूछताछ में आरोपी सचिन ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। उसने बताया कि वह ग्राम नंगला नैनसुख निवासी सतन उर्फ सतेंद्र के भाई राजेश के प्लॉट पर उसके साथ शराब पी रहा था।

शराब पीने के दौरान किसी बात पर राजेश और सचिन के बीच कहासुनी हो गई। इसके बाद सचिन ने अपने पास रखे तमंचे से राजेश को गोली मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी सचिन मौके से फरार हो गया था। फिलहाल, पुलिस ने मुठभेड़ में घायल हुए सचिन को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस इस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

## कई सोसाइटियों में पटाखों से आग लगी

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित विभिन्न सोसाइटियों के फ्लैट में दीपावली के दिन पटाखों की की चिंगारी से आग लग गई। इको विलेज-1, निराला एस्टेट, स्प्रिंग मिडोज, फ्यूजन होम सोसाइटी में फ्लैट की बालकनी में आग लगने के कारण लोगों का नुकसान हुआ। इको विलेज-1 में सोमवार देर रात दो फ्लैट के अंदर आग लगने की घटना हुई। निवासी मनीष ने बताया कि टावर सी 4 के फ्लैट नंबर 1305 में देर रात को पटाखे की चिंगारी या पटाखा अंदर जाने के कारण आग लग गई। इसके कारण बालकनी में रखी वाशिंग मशीन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान जल गए।लोगों ने पाइप से पानी डालकर आग पर काबू पाया। वहीं, टावर बी8 के ग्राउंड फ्लोर पर मौजूद फ्लैट में एक निवासी ने मोमबत्ती को इनवर्टर के ऊपर जलाकर दीवाली मनाने बाहर चले गए। मोमबत्ती के कारण इनवर्टर ने आग पकड़ ली। फायर एक्सटिंग्विशर की मदद से आग पर काबू पाया। झूले के गद्दे में आग पकड़ी फ्यूजन होम सोसाइटी में रहने वाले सागर ने बताया कि पटाखे के चिंगारी या रॉकेट बालकनी में जाने से वहां रखे सोफे के गद्दे ने आग लग गई। आग बाकी के सामान में भी फैल गई। लोगों ने मिलकर आग पर काबू पाया। कई फ्लैट को नुकसान स्प्रिंग मिडोज का सोसाइटी में बी टावर के ऊपर शाफ्ट में रॉकेट के कारण आग लग गई। वहां पाइप की प्लास्टिक पिघलकर अन्य फ्लैट की बालकनी में गिरी, जिससे वहां पर भी रखा सामान जल गया। मेंटेनेंस टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। पाइपलाइन जलने के कारण टावर में पेयजल आपूर्ति में समस्या हुई। वहीं, सोसाइटी के एक और फ्लैट में पटाखे की चिंगारी के कारण आग लग गई। इससे वहां रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। रॉकेट से बालकनी में सामान जला ग्रेटर नोएडा वेस्ट की निराला एस्टेट के फेज 1 में टावर के 8वीं और 9वीं मंजिल पर रॉकेट जाने की वजह से फ्लैट की बालकनी में रखा सामान जलकर राख हो गया।

# एनआईए की कनेक्टिविटी के लिए बनेगी 25 किलो मीटर रोड

## 300 करोड़ रुपए किए जाएंगे खर्च , 812 एकड़ जमीन का होगा अधिग्रहण

**नोएडा।** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी को और आसान बनाने जा रहा है। प्राधिकरण 25 किलोमीटर लंबी और 130 मीटर चौड़ी एक नई सड़क का निर्माण करेगा। ये ग्रेटर नोएडा वेस्ट के गौर चौक से शुरू होकर सिरसा, अलौदा और प्रस्तावित सेक्टरों (16, 13, 12, 11, 10, 9, 7 और 8) से गुजरते हुए सीधे एयरपोर्ट तक जाएगी। यह सड़क एयरपोर्ट के कार्गो और एविएशन हब क्षेत्रों को जोड़ते हुए मुसाफिरों को बेहतर आप्शन देगी।

यह नया कॉरिडोर यमुना एक्सप्रेसवे के समानांतर चलेगा, लेकिन एयरपोर्ट टर्मिनल ज़ोन के विपरीत दिशा में होगा, जिससे एक्सप्रेसवे पर दबाव कम होगा। इस योजना के तहत, गौर चौक से सिरसा तक पहले से मौजूद 30 किलोमीटर लंबी लिंक रोड को




अलौदा के पास 3 किलोमीटर लंबे कनेक्टर के ज़रिए नए मार्ग से जोड़ा जाएगा। इसके अलावा, ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे चौराहे पर एक क्लोवरलीफ इंटरचेंज या अंडरपास भी प्रस्तावित है ताकि यातायात निर्बाध रूप से आगे बढ़ सके।

### सड़क निर्माण पर 300 करोड़ खर्च

अधिकारियों के अनुसार, इस परियोजना के लिए लगभग 812 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा, जिस पर करीब 1,400 करोड़ रुपए का खर्च आएगा, जबकि सड़क निर्माण पर 300 करोड़ रुपए अतिरिक्त खर्च होंगे। फिलहाल YEIDA चाहता है कि इस छह लेन वाले कॉरिडोर का निर्माण राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा किया जाए।

### कार्गो सुविधा के लिए 5 किमी का पैच

पहले चरण में, एयरपोर्ट की कार्गो के लिए ग्रेटर नोएडा की ओर लगभग 5 किलोमीटर लंबा हिस्सा बनाया जाएगा, जिसके लिए 162 एकड़ भूमि और करीब 280 करोड़ रुपए की लागत तय की गई है। यीडाके सीईओ राकेश कुमार सिंह ने बताया, भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया जारी है, और जैसे-जैसे जमीन उपलब्ध होती जाएगी, निर्माण कार्य आगे बढ़ेगा।

### तीन शहरों को देगा विकल्प

परियोजना पूरी होने के बाद यह मार्ग नोएडा, ग्रेटर नोएडा, ग्रेटर नोएडा वेस्ट और गाजियाबाद के मुसाफिरों के लिए एयरपोर्ट तक पहुंच का एक सुविधाजनक विकल्प बन जाएगा। यीडा अधिकारियों का कहना है कि यह कनेक्टर न केवल हवाई अड्डे तक यात्रा को सरल बनाएगा बल्कि यमुना सिटी और उसके आसपास के क्षेत्रों में विकास को भी नई गति देगा।

# नोएडा की हवा बहुत खराब, एक्यूआई 372 के पार

### दो दिनों मे स्मॉग की चादर छाने की उम्मीद

**नोएडा।** दिवाली पर हुई जोरदार आतिशबाजी एवं अन्य मौसमी कारकों के चलते नोएडा में वायु गुणवत्ता बेहद खराब हो गई। नोएडा के कुछ इलाकों में मंगलवार रात करीब 11 से 12 के बीच एक्यूआई 372 को पार कर गया। आलम यह कि नोएडा के चारो स्टेशनों पर सेक्टर-125 में एक्यूआई 352 और सेक्टर-62 में 296 और सेक्टर-1 में 372 व सेक्टर-116 में 352 रिकार्ड किया गया। वहीं दिल्ली में रेड जोन में दर्ज किए गए। यहां कई इलाकों में एक्यूआई 400 तक पहुंच गया है।



सीपीसीबी के मुताबिक आने वाले दिनों में प्रदूषण का स्तर और बढ़ेगा। विशेषज्ञों का अनुमान है कि मंगलवार और बुधवार को नोएडा में हवा की गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में पहुंच सकती है। सीपीसीबी के अनुसार, 0 से 50 के बीच के एक्यूआई को अच्छा, 51 से 100 के बीच को संतोषजनक, 101 से 200 के बीच को मध्यम, 201 से 300 के बीच को खराब, 301 से 400 के बीच के को बेहद खराब और 401 से 500 के बीच को गंभीर श्रेणी में रखा जाता है।

लगातार बिगड़ रही हवा को देखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की ओर से एक दिन पहले ही दिल्ली एनसीआर में ग्रैप के दूसरे चरण की पाबंदियों को लागू कर दिया गया है। इसमें लगातार पाबंदी बढ़ती जा रही है।

### दो दिन स्मॉग छाने की चेतावनी

इस बीच मौसम विभाग ने कल यानी मंगलवार को कई स्थानों पर स्मॉग छाने की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग की मानें तो एनसीआर के विभिन्न इलाकों में दोपहर से आंशिक रूप से बादल छाने के साथ धुंध जैसा मौसम हो जाएगा। बुधवार को भी सुबह के समय स्मॉग या हल्का से मध्यम कोहरा छाने की चेतावनी जारी की गई है।

## छठ महापर्व के लिए घाटों पर तैयारियां शुरू

**नोएडा।** शहर में 25 अक्तूबर नहाय-खाय से चार दिवसीय छठ महापर्व शुरू हो रहा है। छठ समितियों द्वारा पर्व की तैयारियां शुरू कर दी गई है। इसके लिए घाटों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसके साथ ही बाजार में भी छठ पर्व को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी है। अखिल भारतीय प्रवासी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. मुन्ना कुमार शर्मा ने बताया कि 25 अक्तूबर को कार्तिक शुक्ल चतुर्थी को नहाय-खाय के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व शुरू होगा। 26 अक्तूबर को खरना, 27 अक्तूबर को अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य और 28 अक्तूबर को उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य प्रदान दिया जाएगा।उन्होंने बताया कि नहाय-खाय के दिन 25 अक्तूबर को छठव्रती और श्रद्धालु सुबह के समय सर्वप्रथम अपने घरों और आस-पास की सफाई करेंगे। स्नान करके छठव्रती चावल, चना दाल और लौकी की शब्जी का प्रसाद बनाएंगें। पूजा के उपरांत छठव्रती प्रसाद ग्रहण करेंगे और घर के सभी सदस्यों और पड़ोसियों को प्रसाद देंगे। इस दिन छठव्रती पूर्ण रूप से शुद्ध और स्वच्छ होकर सूर्योपासना के लिए पूर्ण रूप से समर्पित हो जाते हैं। उसके बाद उनका व्रत शुरू हो जाएगा। फिर 26 अक्टूबर को सुबह उठकर छठव्रती और श्रद्धालु सफाई करेंगे। फिर स्नान करके छठव्रती स्वयं रोटी, दाल, चावल, चावल का पिट्ठा, शक्कर का खीर आदि प्रसाद बनाएंगे। सभी प्रसाद मिट्टी के बर्तनों में बनाया जाएगा। शाम के समय घर के अंदर अकेले व एकांत में बैठकर छठव्रती छठी मैया व भगवान भास्कर की पूजा करेंगी।

# ग्रेटर नोएडा में मोबाइल चोरी करने वाले 5 बदमाश अरेस्ट

### 11 फोन और 2 वाहन बरामद, राहगीरों संग करते थे लूटपाट



**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा की थाना सेक्टर-49 पुलिस ने मोबाइल फोन चोरी और छिनैती करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 11 चोरी के मोबाइल फोन और दो दोपहिया वाहन बरामद किए हैं। थाना सेक्टर-49 पुलिस ने स्थानीय खुफिया जानकारी और गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई की। जलवायु विहार के पीछे एक खाली मैदान से दीपांशु उर्फ दीपू, चाँद मोहम्मद, कुनाल कुमार, कुनाल यादव और ललित कुमार नामक पांच अभियुक्तों को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे मोबाइल फोन छीनने के लिए भीड़-भाड़ वाले या एकांत स्थानों का चुनाव करते थे। वे मोटरसाइकिल या स्कूटी पर सवार होकर हाथ में मोबाइल लेकर चलने या बात करने वाले व्यक्तियों से फोन छीनकर भाग जाते थे। छीने गए मोबाइलों को वे बाद में बेच देते थे।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तारी के समय भी ये आरोपी छीने हुए मोबाइल बेचने की फिराक में थे। पकड़े गए सभी अभियुक्तों पर पहले से ही कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।


## पर्व पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

**नोएडा।** शहर की आरडब्ल्यूए और एओए ने सोमवार को दीवाली का पर्व सादगी और सौहार्द के साथ मनाया। लोगों ने घर और आसपास खूब दीये जलाए। नियमित स्वच्छता बनाए रखने और पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी लिया। वहीं, दो दिन की अमावस्या होने की वजह से कुछ लोगों ने मंगलवार को भी दीवाली मनाई। सेक्टर-56 आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष संजय मावी ने बताया कि सोमवार को गरीब परिवार और उनके बच्चें के साथ मिठाई बांटकर और उपहार देकर पर्व मनाया। इसमें सेक्टर में काम करने वाली घरेलू सहायिका और सहायक, धोबी, माली और सुरक्षा कर्मियों के साथ पर्व मनाया गया।इसके अलावा फोनरवा के महासचिव और सेक्टर-34 फेडरेशन ऑफ आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष केके जैन और महासचिव धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि शहर में बढ़ रहे प्रदूषण के स्तर ने भी गंभीर परेशानी पैदा कर दी है। इसको देखते हुए भी कदम उठाए जा रहे हैं।

# संपत्ति विवाद में आर्मी से रिटायर्ड चाचा की हत्या, भतीजे समेत चार के खिलाफ केस दर्ज

**ग्रेटर नोएडा।** दनकौर के मुतेना गांव में सोमवार की रात पुराने विवाद को लेकर भतीजे ने सगे चाचा की ईंट मारकर हत्या कर दी। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मंगलवार को शव का अंतिम संस्कार किया गया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह का कहना है कि प्राथमिक जांच में सामने आया है कि पटाखे फोड़ने के विवाद में झगड़ा हुआ है। कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

बता दे कि गांव निवासी सतपाल (62 वर्ष) 2006 में आर्मी से सेवानिवृत्त हुए थे। इसके बाद से ही गांव में रहकर खेती कर रहे थे। मृतक के इकलौते बेटे अमित ने बताया कि उनके मृतक पिता पांच भाई थे। काफी वर्ष पहले ही संपत्ति का बंटवारा हो चुका है। वर्तमान में घर से कुछ दूरी पर उनके घेर (अहाते) का निर्माण कार्य चल रहा है, जहां उनके पिता रात के समय रहते थे।




उन्होंने बताया कि इस दौरान बनाई गई एक दीवार का आरोपितों द्वारा विरोध किया जा रहा था। सोमवार की रात करीब 11 बजे मृतक के सगे भतीजे कुलदीप, सुभाष, बबली और आरोपितों का भांजा अंकित एकजुट होकर उनके पिता के पास पहुंचे और अचानक हमला कर घायल कर दिया गया। इस दौरान आरोपी सुभाष द्वारा सिर में ईंट मारी मारी गई, जिससे उनके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना के बाद पीड़ित बेटा मौके पर पहुंचा और पुलिस से शिकायत की गई। अधिक खून बह जाने के कारण इलाज के दौरान सतपाल की मौत हो गई। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के भेजा गया। साथ ही कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की गई। पीड़ित बेटे की शिकायत के आधार पर सभी चारों आरोपितों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह का कहना है कि दीपावली के उपलक्ष्य में लोग पटाखे जला रहे थे, जिसको लेकर कहासुनी हो गई। इस दौरान सगे भतीजे द्वारा चाचा के सिर में ईंट मार दी गई, जिसके कारण उनकी मौत हुई है। शिकायत के आधार पर चार आरोपितों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है।

# शार्ट न्यूज

## गलत इंजेक्शन से नवजात का हाथ नीला पड़ा

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा के दादरी स्थित गोपाल नर्सिंग होम में एक नवजात बच्ची के इलाज में कथित लापरवाही का मामला सामने आया है। परिजनों का आरोप है कि गलत इंजेक्शन लगाने से बच्ची का हाथ नीला पड़ गया और अब उसे काटने की नौबत आ गई है। परिजनों के अनुसार, 5 अक्टूबर को जन्मी बच्ची को इलाज के लिए नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था। स्टाफ द्वारा बच्ची के हाथ में इंजेक्शन लगाया गया, जिसके बाद उसका हाथ नीला पड़ने लगा। परिजनों ने जब डॉक्टरों से शिकायत की, तो उन्हें इलाज का आश्वासन दिया गया। हालांकि, बच्ची की हालत लगातार बिगड़ती गई। स्थिति गंभीर होने पर उसे दूसरे अस्पताल रेफर किया गया, जहां डॉक्टरों ने बताया कि हाथ की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि उसे काटना पड़ सकता है। परिजनों ने गोपाल नर्सिंग होम के डॉक्टरों पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। उन्होंने प्रशासन से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## नोएडा में व्यक्ति ने किया सुसाइड

**नोएडा।** थाना सेक्टर 49 स्थित अगाहपुर में एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। व्यक्ति की पहचान कार्तिक मंडल के रूप में हुई है। इसकी उम्र करीब 30 साल थी। पुलिस ने बताया कि जिस समय इसने सुसाइड किया घर पर कोई नहीं था। पत्नी मायके गई हुई थी। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को शव सौंप दिया है। कार्तिक मंडल मूल रूप से कोलकाता का रहने वाला था। इसका एक वीडियो भी सामने आया है। जिसमें लोग दरवाजा तोड़कर अंदर जाते है और मंडल को बचाने का प्रयास करते है। लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी होती है। पुलिस ने बताया कि दोनों की शादी के करीब 5 से 6 साल हुए थे। पति और पत्नी दोनों अगाहपुर में किराए के मकान में रहते थे। सोमवार को कार्तिक मंडल का अपनी बहन के साथ किसी बात को लेकर विवाद हुआ। जिसके बाद बहन अपने घर चली गई और पत्नी मायके चली गई। पत्नी का मायका पास में ही है।

## ग्रेटर नोएडा में दिवाली पर 5 जगह लगी आग

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में दिवाली के अवसर पर आग लगने की पांच घटनाएं सामने आईं। बिसरख थाना क्षेत्र की विभिन्न सोसाइटियों में ये आग फ्लैटों की बालकनी में लगी, हालांकि इनमें कोई जनहानि नहीं हुई। ये घटनाएं ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित गौर सिटी, निराला एस्टेट, फ्यूजन होम्स और स्प्रिंग मेडोज जैसी सोसाइटियों में हुईं। सभी जगह आग हल्की-फुल्की थी और समय रहते उस पर काबू पा लिया गया। अधिकारियों के अनुसार, इन घटनाओं में किसी भी व्यक्ति के हताहत होने की सूचना नहीं है। दमकलकर्मियों और स्थानीय लोगों की मुस्तैदी से बड़ा हादसा टल गया। अलग-अलग जगह पर हुई यह सभी घटनाएं ज्यादातर दीपावली के पटाखे की वजह से हुई, हालांकि यह आग इतनी छोटी थी कि या तो वहां पर मौजूद लोगों ने ही इस पर काबू पा लिया या सोसाइटी की दमकल टीम ने आग पर काबू पा लिया कहीं पर भी ज्यादा नुकसान की कोई खबर नहीं है।

## दनकौर पुलिस ने वृद्धाश्रम में मनाई दिवाली

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में स्थित समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वृद्धाश्रम में मंगलवार शाम दनकौर कोतवाली पुलिस ने बुजुर्गों के साथ दिवाली मनाई। इस दौरान दरोगा शुभम शर्मा, रजत मिथिलेश और रमेश सिंह मौजूद रहे। पुलिसकर्मियों ने वृद्धाश्रम पहुंचकर बुजुर्गों को मिठाइयां और उपहार भेंट किए। उन्होंने बुजुर्गों की समस्याएं भी ध्यानपूर्वक सुनीं और उनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। पुलिस की इस पहल से वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों के चेहरों पर खुशी साफ झलक उठी। उन्होंने कहा कि उन्हें ऐसा महसूस हुआ, जैसे उनका अपना परिवार ही उनके साथ त्योहार मना रहा हो। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में बुजुर्गों के प्रति सम्मान और अपनेपन की भावना को बढ़ावा देना था। आश्रम प्रबंधन और बुजुर्गों ने दनकौर पुलिस का आभार व्यक्त किया।

## महिला ने सिक्योरिटी गार्ड से की मारपीट

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा में सिक्योरिटी गार्ड से मारपीट के मामले में पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार किया है। यह घटना यमुना प्राधिकरण के सेक्टर 25 स्थित प्रेसिथम सोसायटी में हुई थी, जिसका सीसीटीवी फुटेज सामने आया था। दनकौर कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को महिला को कोर्ट में पेश किया। गाजीपुर निवासी सिक्योरिटी गार्ड राजकुमार यादव ने पुलिस को शिकायत दी थी। उन्होंने बताया कि 18 अक्टूबर को ड्यूटी के दौरान सोसायटी में रहने वाली अंजू शर्मा नामक महिला ने उनसे बिना किसी कारण मारपीट की थी। मारपीट की यह पूरी घटना सोसायटी में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। पीड़ित गार्ड ने इसके बाद कोतवाली में आरोपी महिला के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कराया था। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी महिला को मंगलवार को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया है।

## ग्रेटर नोएडा में दो भाइयों से मारपीट

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में मंगलवार को दो सगे भाइयों से मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित चिंटू और अंकित का आरोप है कि पड़ोस के सात लोगों ने उन्हें रंजिश के चलते पीटा। दोनों भाइयों का इलाज सरकारी अस्पताल में चल रहा है। पीड़ितों ने बताया कि मंगलवार को वे अपने घर से किसी काम के लिए निकले थे। तभी मोहल्ले के दो नामजद समेत सात लोगों ने उन्हें घेर लिया और बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया। जब पीड़ित कोतवाली में शिकायत दर्ज कराने जा रहे थे, तो रास्ते में आरोपियों ने उन्हें दोबारा रोककर हमला किया। इस मारपीट में दोनों भाइयों के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन उन्हें अस्पताल ले गए। पीड़ित पक्ष ने दनकौर कोतवाली में सात आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस का कहना है कि शिकायत मिल गई है और जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## फैक्टरीकर्मी ने फंदा लगाकर दी जान

**नोएडा।** सेक्टर-49 थानाक्षेत्र स्थित अगाहपुर गांव में किराये के मकान में पत्नी के साथ रहने वाले फैक्टरीकर्मी ने सोमवार रात पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मृतक की पत्नी ने ननद पर और ननद ने पत्नी पर विवाद कर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। एसीपी ट्विंकल जैन ने बताया कि पश्चिम बंगाल के कोलकाता का 30 वर्षीय कार्तिक मंडल पत्नी के साथ अगाहपुर गांव में किराये के मकान में रहता था। कार्तिक एक फैक्टरी में काम करता था जबकि पत्नी दूसरे के यहां काम कर जीविकोपार्जन करती है।दिवाली वाले दिन कार्तिक ने पत्नी से कहा कि वह एक दिन के लिए मायके चली जाए और ठीक से त्यौहार मना ले। पत्नी का मायका बरौला गांव में ही है। वहीं जहां कार्तिक रहता था, बगल वाली गली में उसकी बहन भी रहती है।

## शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी

**ग्रेटर नोएडा।** सूरजपुर स्थित पुलिस लाइन में पुलिस स्मृति दिवस के मौके पर मंगलवार को शहीद स्मारक पर शहीद पुलिसकर्मियों को पुष्पचक्र (रीथ) अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि समारोह के बाद पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने तीन शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों से भेंट की। पुलिस आयुक्त ने शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों से संवेदना व्यक्त कर उन्हें शॉल भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि पुलिस बलिदान और सेवा का पर्याय है। हमारे शहीद पुलिसकर्मी समाज की सुरक्षा और शांति व्यवस्था के लिए अपने प्राणों की आहुति देते हैं। उनका यह सर्वोच्च बलिदान हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है और पुलिस परिवार सदैव उनके परिजनों के साथ खड़ा रहेगा।कार्यक्रम में पुलिस बैंड की धुनों और अनुशासित परेड के माध्यम से शहीदों को नमन किया गया। पूरा कार्यक्रम श्रद्धा, अनुशासन और सम्मान के वातावरण में सम्पन्न हुआ।


# झांसी में रेप पीड़िता के देवर की हत्या

## समझौता न करने पर धमकाया, डेढ़ साल बाद दिवाली पर घर आया तो हाथ-पैर तोड़े

**झांसी।** झांसी में दिवाली के दिन एक रेप पीड़िता के देवर की हत्या कर दी गई। वो बड़े भाई के साथ शॉपिंग करके घर लौट रहा था। बड़े भाई बाइक से आगे निकल गए, जबकि वो दूसरी बाइक से पीछे था।

इस दौरान 10-12 हमलावरों ने उसको घेर लिया। लाठी-डंडे और लोहे की रॉड से ताबड़तोड़ वार करके हाथ-पैर तोड़ दिए।

बड़ा भाई बचाने आया तो उस पर 3 फायर दाग दिए। इससे वो डरकर भाग गया। घटना को अंजाम देने के बाद हमलावर भाग गए। बड़ा भाई परिजनों के साथ मौके पर पहुंचा और घायल भाई को मऊरानीपुर ले गया। वहां से झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।




भाई ने आरोप लगाया कि रेप के बाद आरोपी और उसका परिवार राजीनामा करने के लिए धमका रहा था। इसलिए हम दोनों भाई राजस्थान चले गए थे। एक दिन पहले ही दीपावली का त्योहार मनाने घर लौटे थे। इसी दौरान मेरे भाई की हत्या कर दी गई। मामला मऊरानीपुर थाना क्षेत्र के सितौरा गांव का है।

मृतक के बड़े भाई ने बताया- करीब डेढ़ साल पहले गांव के एक युवक ने मेरी पत्नी के साथ रेप किया था। हमने रेप का केस दर्ज करवाया था। आरोपी धमकाते थे, इसलिए डर के कारण गांव छोड़कर हम दोनों भाई जयपुर चले गए थे। वहां एक फैक्ट्री में काम करने लगे। गांव में हमारे बूढ़े मां-बाप रहते हैं। दीपावली का पर्व मनाने के लिए हम दोनों भाई अपनी पत्नी और बच्चों के साथ 19 अक्टूबर को गांव आए थे।

### अलग-अलग बाइक से घर आ रहे थे

बड़े भाई ने बताया- गांव आए तो बाइक खराब थी। सोमवार को बाइक सुधरवाने और दीपावली की शॉपिंग करने मऊरानीपुर गए थे। दोपहर में दोनों अलग-अलग बाइक से घर आ रहे थे। गांव से करीब 2 किलोमीटर पहले लाल पहाड़िया के पास 10-12 आरोपी लाठी-डंडे और लोहे की रॉड लेकर खड़े थे।

मैं बाइक लेकर आगे निकल आया, जबकि छोटा भाई 500 मीटर पीछे था। आरोपियों ने छोटे भाई को घेरकर हमला बोल दिया।

चिल्लाने की आवाज सुनकर वापस मौके पर पहुंचा, तो आरोपी लोहे की रॉड से छोटे भाई को पीट रहे थे। मैं बचाने गया तो आरोपियों ने 3 फायर कर दिए।

डर की वजह से मैं झाड़ियों में छुप गया। आरोपियों ने हाथ-पैर तोड़कर भाई को अधमरा कर दिया। इसके बाद भाग गए। मैं छोटे भाई को मऊरानीपुर सीएचसी ले गया। वहां से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जहां पर छोटे भाई को मृत घोषित कर दिया।

# सास-ससुर को पेट्रोल बम से जिंदा जलाया

### पत्नी के मायके लौटने से नाराज था, साले पर भी चलाई थी गोली; दामाद समेत 3 अरेस्ट

**कोरिया।** छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले में दामाद ने अपने सास-ससुर को खाट से बांधकर पेट्रोल बम से उड़ा दिया। जिससे ससुर की मौके पर मौत हो गई, जबकि सास ने तीसरे दिन इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वारदात के बाद दरवाजा बंद कर आरोपी भाग निकले थे।

अब पुलिस ने दामाद सुरेश ठाकुर, उसके साथी प्रदीप बैरागी और सहदेव को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने आरोपियों का बैकुंठपुर में आधा सिर मुंडवाकर जुलूस भी निकाला। आरोपी दामाद अपनी पत्नी के मायके लौटने से नाराज था। उसने पहले भी अपने साले पर गोली चलाई थी। आरोपी के पास से एक कट्टा और 7 जिंदा कारतूस बरामद किया हैं। मामला बैकुंठपुर थाना क्षेत्र का है।

### जानिए क्या है पूरा मामला ?

जानकारी के मुताबिक, 13 अक्टूबर की देर रात बड़े साल्ही निवासी रायराम केंवट (60) के घर नकाब पहनकर घुसे 2 युवकों ने पेट्रोल डाला। बाहर निकलकर पेट्रोल बम घर में फेंक दिया। घर में आग लगने और विस्फोट से रायराम की मौके पर मौत हो गई। वहीं दूसरे कमरे में सो रही उसकी पत्नी पार्वती (59) गंभीर रूप से झुलस गई थी। हादसे के बाद पार्वती को अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल से रेफर कर दिया था। रायपुर ले जाने के दौरान दूसरे दिन उसकी भी मौत हो गई।

## पीलीभीत में लापता युवक का शव नाले में मिला, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**पीलीभीत।** कोतवाली जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम बिंदुआ में रविवार शाम से लापता युवक वृंदावन का शव सोमवार सुबह गांव के ही एक नाले में पड़ा मिला। शव मिलने की सूचना पर पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। वहीं, घटना से आक्रोशित परिजनों ने कोतवाली के बाहर पहुंचकर जमकर हंगामा किया और पुलिस पर लापरवाही व हत्या का आरोप लगाया।जानकारी के अनुसार, मृतक वृंदावन रविवार दोपहर करीब तीन बजे गेहूं पिसवाने के लिए घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने रातभर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। सोमवार सुबह ग्रामीणों ने उसका शव गांव के नाले में पड़ा देखा तो पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसी बीच कोतवाली के बाहर परिजनों ने पुलिस पर हत्या की साजिश का आरोप लगाते हुए तेज विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस और परिजनों के बीच तनावपूर्ण स्थिति भी उत्पन्न हो गई। आरोप है कि हंगामा शांत कराने के दौरान पुलिसकर्मियों ने एक युवक को धक्का देकर थाने के अंदर खींच लिया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इस मामले में थाना प्रभारी प्रदीप बिश्नोई ने बताया कि, लापता युवक का शव नाले में मिला है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पूरे मामले की जांच की जा रही है। घटना के बाद से गांव में शोक और आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

## प्रयागराज में कूड़ा प्लांट में आग, घरों से निकले लोग

**प्रयागराज।** दिवाली पर प्रयागराज में आग लगने की 42 से अधिक घटनाएं हुईं। दिवाली से शुरू हुई घटनाएं परिवा के दिन तक जारी रहीं। पटाखों की चिंगारी से लपटें उठती रहीं। मंगलवार की रात नैनी के फूलमंडी इलाके में एक कूड़ा प्लांट में भीषण आग लगने से अफरातफरी मच गई। कुछ ही देर में आग ने भीषण रूप अपना लिया। लपटों उठने लगीं। कूड़ा प्लांट से लटपें और धुआं निकलने से आसपास की आबादी के लोग सहम गए। काले धुएं की वजह से लोग परेशान हो गए। आबादी के बीच धुआं फैला तो लोग घरों से बाहर आ गए। आग की लपटों के बीच बदबू भी उठने लगी। इसी वजह से लोग डर गए।

# शादी के सात महीने बाद विवाहिता की संदिग्ध मौत, मायके वालों ने लगाया दहेज हत्या का आरोप

> जहानाबाद थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव में घटना, पुलिस ने पति सहित ससुराल पक्ष पर दर्ज किया मुकदमा

**पीलीभीत।** जहानाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुर में रविवार को एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई। मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर जहर देकर हत्या करने और दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति समेत ससुराल पक्ष के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।थाना न्यूरिया क्षेत्र के गांव मैदाना निवासी तिलक राम ने बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री ज्योति की शादी 22 मार्च 2025 को जहानाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुर निवासी गणेश के साथ की थी। तिलक राम का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष उनकी बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहा था।रविवार को किसी बात को लेकर ज्योति का पति गणेश से विवाद हो गया, जिसके कुछ देर बाद ज्योति की हालत बिगड़ गई। बताया गया कि उसने परिजनों को स्वयं बताया कि उसने जहर खा लिया है। आनन-फानन में परिवार के लोगों ने उसकी हालत गंभीर देखी, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी।सूचना पर पहुंची जहानाबाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस बीच मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति गणेश सहित अन्य ससुराल पक्ष के सदस्यों के खिलाफ दहेज हत्या की धारा में मामला दर्ज कर लिया है।थाना प्रभारी जहानाबाद ने बताया कि मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के वास्तविक कारणों का खुलासा होगा। पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। मृतका की मौत से मायके पक्ष में कोहराम मचा हुआ है, जबकि गांव में इस घटना को लेकर शोक और आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

# महिलाओं और बालिकाओं को किया गया जागरूक

पीलीभीत। जनपद के विभिन्न थानों में मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं और बालिकाओं को किया गया जागरूक साइबर टीमों ने बताए हेल्पलाइन नंबर, सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन पर दी उपयोगी जानकारी पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों की साइबर टीम और मिशन शक्ति टीम द्वारा मंगलवार को मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। थाना हजारा, माधोटांडा, करेली, कोतवाली, न्यूरिया, गजरौला, बरखेड़ा तथा महिला थाना क्षेत्र में महिलाओं और



बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन से जुड़ी जानकारी दी गई। टीमों ने उन्हें सरकार द्वारा संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों महिला हेल्पलाइन 1090, 181, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102, 108, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रमों के दौरान पुलिस कर्मियों ने कहा कि महिलाएं किसी भी आपात स्थिति में इन नंबरों पर तत्काल संपर्क कर सकती हैं। मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं को न केवल सुरक्षा का अधिकार देना है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और जागरूक बनाना भी है।

विभिन्न थानों में हुए इन जागरूकता कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में महिलाएं, छात्राएं और ग्रामीण महिलाएं शामिल हुईं और उन्होंने पुलिस द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान की सराहना की।

# मिशन शक्ति तहत ललितपुर पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी अभियान मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशानुसार, महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को सुनिश्चित करने के लिए, जनपद ललितपुर के थानों पर गठित मिशन शक्ति केन्द्र टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में मिशन शक्ति और साइबर अपराध जागरूकता का सफल आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत्त किए गए विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई और उनका उपयोग करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। वीमेन पावर लाइन 1090 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 महिला हेल्पलाइन 181 पुलिस आपातकालीन सेवा 112 स्वास्थ्य सेवा 102 एंबुलेंस सेवा 108 साइबर क्राइम राष्ट्रीय हेल्पलाइन 1930 साइबर क्राइम पोर्टल, www.cybercrime.gov.in।

# प्रयागराज में जगुआर से 6 को कुचलने वाला अरेस्ट

**प्रयागराज।** प्रयागराज में जगुआर कार से 6 लोगों को कुचलने वाले को पुलिस ने हिरासत में लिया है। वह लखनऊ के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में एडमिट है।

पुलिस अब उसे अदालत में पेश कर रिमांड पर लेगी। आरोपी पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया गया है। पहले उस पर लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए नुकसान पहुंचाने का मामला दर्ज हुआ था।

आरोपी कारोबारी का बेटा और एक जाने-माने डॉक्टर का दामाद है। उसने रविवार शाम तेज अपनी तेज रफ्तार जगुआर से 6 लोगों को कुचल दिया था। 2 कार, 2 बाइक और 1 स्कूटी को टक्कर मारी थी। हादसे में एक इलेक्ट्रीशियन की मौत हो गई थी। जबकि, एक बच्चे समेत 5 लोग घायल हो गए थे। एडिशन सीपी लॉ एंड ऑर्डर अजय पाल शर्मा ने बताया एक्सीडेंट की जांच में रचित मध्यान का नाम सामने आया था। जब उसे इलाज के लिए लखनऊ रेफर किया गया था। तब से पुलिस की एक टीम लखनऊ में ही थी।

# एसपी ने बच्चों संग मनाई दीपावली: बांटे दीपक, मिठाइयां

**ललितपुर।** एसपी ने रिजर्व पुलिस लाइन में बच्चों के साथ दीपावली का पर्व मनाया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को मिट्टी के दीपक, मिठाइयां और उपहार वितरित किए, साथ ही उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने भी दीप जलाकर और गीत गाकर पुलिस अधीक्षक के साथ खुशियां साझा कीं। पुलिस लाइन परिसर को रंग-बिरंगे दीपों और सजावट से उत्सव का माहौल दिया गया। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स, ललितपुर में पुलिस अधि0/कर्मचारीगण व उनके बच्चों एवं परिवारीजनों के साथ दीपावली के



पावन अवसर पर पूजन कार्यक्रम कर दीपावली त्योहार को हर्षोल्लास व धूम-धाम के साथ मनाया गया तथा उपहार भेंट किए गये। साथ ही एसपी द्वारा दीपावली के शुभ अवसर पर अनाथ आश्रम में जाकर बच्चों/बुर्जगों के साथ दीपावली मनायी गयी व मिठाई, फल, दीपक, मोमबत्ती,पटाखे आदि उपहार भेंटकर उनके साथ समय व्यतीत किया गया। एसपी को अपने बीच पाकर बच्चे/बुर्जग महिलाएँ अत्यधिक प्रसन्न हुईं व महोदय द्वारा सभी को दीपावली की शुभकामनायें दी गयी। अपर पुलिस कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा दीपावली पर्व पर कोतवाली क्षेत्रांतर्गत नेहरू नगर जाकर बच्चो/बुर्जुगों के साथ दीपावली मनायी एवं मिठाई, दीपक, मोमबत्ती, फूलझड़ी आदि उपहार भेंटकर दीपावली की शुभकामनायें दी गयी। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी सदर व क्षेत्राधिकारी लाइन सुनील कुमार व क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव व प्रतिसार निरीक्षक, जगदीश चन्द्र व अन्य पुलिस स्टॉफ मौजूद रहे। जनपदीय पुलिस द्वारा अपने-अपने थाना/चौकी क्षेत्र में जाकर बच्चों व बुर्जगों के साथ फल, मिठाई, दीपक, खील-बतासा, मोमवत्ती, पटाखे आदि उपहार भेटकर दीपावाली मनाई गयी।

# गोरखपुर हाइवे पर टकराईं 3 गाड़ियां, 2 की मौत

## ओवरटेक के चक्कर में हादसा हुआ, एक माह पहले व्यापारी के बेटे का हुआ था इंगेजमेंट

**गोरखपुर।** गोरखपुर के पीपीगंज थाना क्षेत्र में हाइवे पर तीन गाड़ियां आपस में टकराकर पलट गईं। जिसमे सवार 4 लोग घायल हो गए और 2 की मौत हो गई। मंगलवार की देर रात करीब 10 बजे हादसा हुआ। इसके बाद आस-पास के लोगों की सूचना पर पुलिस और एंबुलेंस आई। जिससे सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। जहां दो युवकों को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

मरने वालों की पहचान पीपीगंज के व्यापार मंडल के महामंत्री जय प्रकाश वर्मा उर्फ गंजू के बेटे आदर्श वर्मा (22) और ओम प्रकाश कन्नौजिया के बेटे रोहन कन्नौजिया (22) के रूप में हुई। वहीं इस हादसे में दोनों मृतक के साथ एक्सयूवी कार में सवार राहत



और सुभांग तिवारी, दूसरी कार में सवार पीपीगंज के ही डॉ. सिद्धार्थ सिंह और पिकअप चालक डिंपल घायल हुए हैं।

जिनका इलाज चल रहा है। पुलिस का कहना है कि ओवरटेक और ओवरस्पीड के चक्कर में यह घटना हुई है। बताया जा रहा है कि एक माह पहले व्यापारी के बेटे आदर्श वर्मा का इंगेजमेंट हुआ था। बहुत जल्द शादी की डेट भी फाइनल होने वाली थी। इस घटना के बाद आदर्श के साथ ही लड़की का भी रो-रोकर बुरा हाल है।

### अब जाने पूरा मामला

गोरखपुर की तरफ से मंगलवार की रात करीब 10 बजे एक्सयूवी कार में सवार होकर चार दोस्त आदर्श वर्मा, रोहन, राहत और सुभांग पीपीगंज जा रहे थे। आदर्श गाड़ी चला रहा था। रास्ते में नयनसर टोल प्लाजा के पहले पीपीगंज की तरफ हैरियर कार से जा रहे डॉ. सिद्धार्थ सिंह की गाड़ी को तेज स्पीड में एक्सयूवी कार ने ओवरटेक किया। जबकि एक तरफ की लेन बंद थी। एक ही सड़क पर दोनों तरफ से वाहन आ जा रहे थे।

हैरियर कार को जैसे ही एक्सयूवी ने तेज स्पीड में ओवरटेक किया है। तभी पीपीगंज की तरफ से गोरखपुर की ओर जा रही पिकअप से एक्सयूवी की सामने से टक्कर हो गई। इस दौरान पीछे से आ रही हैरियर कार भी उसमे टकरा गई। एक्सयूवी और पिकअप पलट गई। वहीं कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई।

देर रात घटना के बाद सड़क पर अफरातफरी मच गई। आस-पास के लोग चिल्लाते हुए बचाने के लिए आए। इस दौरान सूचना पर पीपीगंज पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची। करीब रात 10: 30 बजे घायलों को एंबुलेंस से बीआरडी मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। जहां पर एक्सयूवी में सवार आदर्श और रोहन को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

# आजमगढ़ में कबाड़ की गोदाम में लगी भीषण आग

**आजमगढ़।** आजमगढ़ में शहर कोतवाली के अंतर्गत बदरका पुलिस चौकी से 30 मी. की दूरी पर स्थित एक कबाड़ की दुकान में आज देर रात को अज्ञात कारणों से आग लग गई। कबाड़े की दुकान में आग की लपटे इतनी भयंकर निकलने लगी जिसके चलते सारा सामान जलकर राख हो गया।

इस आग के भयंकर लपटे की चपेट में अगल-बगल के मकान भी प्रभावित हो रहे। जहां सूचना मिलने पर आधा दर्जन से अधिक फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में लगी हैं। जबकि इस मामले में शहर कोतवाली पुलिस ने कबाड़ी दुकान के मालिक को हिरासत में लिया है।

आजमगढ़ जिले के शहर कोतवाली क्षेत्र में बदरका मोहल्ले के घनी आबादी में एक कबाड़ी की पिंटू उर्फ छोटू नामक व्यक्ति की दुकान होना बताया गया। जहां इस वर्ष के 22 जनवरी को इस कबाड़ी की दुकान में आग लग चुकी। उस दौरान क्षेत्र के आक्रोशित लोगों ने घनी आबादी से कबाड़ी की दुकान को हटाए जाने की मांग किये गये थे। लेकिन पुलिस व प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई ना करना तथा लापरवाही के चलते जिसका नतीजा रहा पुन: आग की घटना हो गई। जहां आज इस कबाड़ की दुकान पर अचानक आग लगने से अफरा तफरी मच गई। वहीं पास पड़ोस के लोगों ने बाल्टी से पानी फेंकना शुरू किया, लेकिन आग की लपटे इतनी भयंकर रही। इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई।

# शार्ट न्यूज

## गैरइरातन हत्या के तीन वांछित गिरफ्तार



**ललितपुर।** बार पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के मामले में वांछित तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी तालबेहट रक्षपाल सिंह के पर्यवेक्षण में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना बार पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 326/2025 धारा 115(2)/352/105 बीएनएस में वांछित 03 अभियुक्तगण मनीराम पुत्र रामदयाल उर्फ हल्के भइया उम्र करीब 58 वर्ष अनिल पुत्र भरतलाल उम्र करीब 35 वर्ष किशनलाल पुत्र भरतलाल उम्र करीब 30 वर्ष निवासीगण ग्राम धमना थाना बार जनपद ललितपुर को नियमानुसार गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय के समक्ष भेजा गया । गिरफ्तार करने वाली टीम उ.नि. सिपाही लाल उ.नि. अशोक कुमार सिंह उ. नि. वीरेन्द्र सिंह का. नन्दलाल आदि शामिल रहे।

## एसपी ने शहीद जवानों को किया नमन



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन्स, ललितपुर स्थित शहीद स्मारक स्थल पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन अमर वीर शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गयी जिन्होंने अपने कर्तव्य पालन के दौरान राष्ट्र सेवा हेतु सर्वोच्च बलिदान दिया । तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक ने अपने सम्बोधन में कहा कि पुलिस स्मृति दिवस प्रत्येक पुलिसकर्मी को अपने कर्तव्य, अनुशासन व देशभक्ति की भावना के साथ कार्य करने की प्रेरणा देता है तथा शहीद पुलिसकर्मियों का बलिदान समस्त पुलिस परिवार के लिए प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, प्रतिसार निरीक्षक, ललितपुर जगदीश चन्द्र व अन्य पुलिस अधि0/कर्म0गण मौजूद रहे । सभी ने दो मिनट का मौन रखकर शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की ।

## आगरा-दिल्ली ट्रैक पर मालगाड़ी डिरेल हुई

**मथुरा।** मथुरा में मंगलवार देर रात आगरा-दिल्ली ट्रैक पर एक मालगाड़ी डिरेल हो गई। ट्रेन के 13 डिब्बे पटरी से उतर गए। हादसा वृंदावन रोड और अझाई स्टेशन के बीच हुआ। सूचना मिलते ही रेल प्रशासन और पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे। इस रूट पर सभी ट्रेनों के संचालन को रोक दिया गया। पंजाब मेल समेत 4 ट्रेनों को मथुरा जंक्शन पर ही रोक दिया गया। यात्रियों की मदद के लिए रेलवे ने हेल्पलाइन नंबर जारी किए। डिब्बे पटरी से उतरने के चलते रेलवे ट्रैक क्षतिग्रस्त हो गया। अप रूट की मेवाड़, हरिद्वार-बांद्रा एक्सप्रेस, उत्तर प्रदेश संपर्क क्रांति एक्सप्रेस, केरला एक्सप्रेस, कर्नाटक एक्सप्रेस के अलावा डाउन रूट की नंदादेवी एक्सप्रेस, शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेनें प्रभावित हो गईं। रेलवे विभाग के मुताबिक, दिल्ली से जाने वाली सभी अप ट्रेनें एवं पश्चिम रेलवे/पश्चिम मध्य रेलवे जाने वाली ट्रेनें रेवाड़ी-अलवर-जयपुर-सवाई माधोपुर-कोटा और बीना जाने वाली ट्रेनें गाजियाबाद-मितावली-आगरा कैंट-बीना मार्ग से डायवर्ट किए जाने की प्लानिंग की गई।

## मुरादाबाद में भाजपा नेता के भतीजे की हत्या

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद में एक भाजपा नेता के भतीजे की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। घटना से कुछ देर पहले मृतक और हमलावरों के बीच बाइक टकराने को लेकर विवाद हुआ था। घटना मंगलवार को शाम करीब 7 बजे कटघर थाना क्षेत्र में छोटा छत्ता होली का मैदान के पास हुई। यहां रहने वाले विनायक सिंह (17 साल) पुत्र पवन कुमार सिंह का दिन में पड़ोसी विशाल कौशिक से बाइक टकराने को लेकर विवाद हुआ था। कहासुनी के बाद दोनों पक्ष अपने-अपने घर चले गए थे। शाम करीब 7 बजे विशाल कौशिक अपने साथियों के संग विनायक के घर पहुंचा। विशाल का घर विनायक के पीछे वाली गली में इसी मोहल्ले में है। विशाल और उसके साथियों ने विनायक के घर के दरवाजे पर जाकर गाली गलौज शुरू कर दी। यह सुनकर जब विनायक घर से बाहर निकला तो उसे चाकू घोंप दिया। चाकू घोंपने के बाद हमलावर भाग निकले। दूसरी ओर चाकू लगते ही खून से लथपथ विनायक सिंह जमीन पर गिर पड़ा। उसकी चीख सुकर परिवार के बाकी सदस्य घर से बाहर निकले।

## मंदिर में चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**मथुरा।** मथुरा में कोतवाली पुलिस ने श्रीकृष्ण बलराम मंदिर में हुई चोरी का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से मंदिर से चोरी किया गया सामान और 2500 नकद बरामद किए हैं।कोतवाली प्रभारी विनोद बाबू मिश्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने जयगुरूदेव अस्पताल के सामने से तीनों आरोपियों को पकड़ा। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान शिवकुमार (45 वर्ष), अजय कुमार (37 वर्ष), दोनों निवासी लक्ष्मीनगर थाना जमुनापार, और अकबर उर्फ टुईया (45 वर्ष) निवासी बद्रीनगर, थाना गोविंदनगर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, बरामद सामान में 2500 नकद, एक तांबे का पूजा लोटा, पीतल की आरती ज्योत, घंटी, एक बड़ा पीतल का मंदिर घण्टा, लोहे काटने की आरी, प्लास, टेस्टर्स, रिंच, व्हील पाना, नट बोल्ट खोलने वाली चाबियाँ, छोटी टॉर्च और सब्जी काटने वाला चाकू शामिल हैं। यह चोरी 17-18 अक्टूबर की रात श्रीकृष्ण बलराम मंदिर में हुई थी।

## पटाखा विवाद में बुजुर्ग महिला की मौत

**कुशीनगर।** कुशीनगर के जटहां बाजार थाना क्षेत्र के पड़री बढ़ेया छपरा गांव में दीवाली की रात पटाखा फोड़ने के विवाद में एक 60 वर्षीय महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी दुर्गावती देवी (60) का अपने पड़ोसियों से पुराना विवाद था। दीवाली की रात पड़ोसी पटाखे फोड़ रहे थे, जिस पर दुर्गावती देवी ने आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि उनके पति मैनेजर सिंह हृदय रोगी हैं और तेज आवाज से उनकी तबीयत बिगड़ सकती है। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हुई, जो जल्द ही मारपीट में बदल गई। परिजनों का आरोप है कि पुरानी रंजिश के चलते करीब एक दर्जन लोगों ने दुर्गावती देवी पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें तुरंत स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही जटहां बाजार थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने महिला के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गांव में इस घटना के बाद तनाव का माहौल है। थाना अध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चलेगा।

## ईयरफोन लगाए युवक की ट्रेन से कटकर मौत

**देवरिया।** देवरिया जिले के भटनी थाना क्षेत्र में मंगलवार देर शाम एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना भटनी रेलवे स्टेशन के पास हुई। सूचना मिलने पर जीआरपी और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक की पहचान 35 वर्षीय राकेश वर्मा के रूप में हुई है, जो भाटपार रानी निवासी गिरधारी लाल के पुत्र थे। राकेश भटनी बाजार में एक किराने की दुकान पर काम करते थे। मंगलवार शाम काम खत्म होने के बाद वह रोज की तरह अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान भटनी रेलवे स्टेशन से कुछ दूरी पर, ढाला नंबर 434/17 के पास, वह अचानक एक गुजरती ट्रेन की चपेट में आ गए। हादसा इतना भीषण था कि राकेश की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाया और तुरंत पुलिस को सूचना दी।

## संक्षिप्त समाचार

### हमारी जेबें खाली करने आए हैं, भारतीयों पर अमेरिकी नेता के बिगड़े बोल, मचा खूब हंगामा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी लीडर चांडलर लैंगविन ने भारतीयों के खिलाफ सोशल मीडिया पर कई आपत्तिजनक पोस्ट किए हैं। इसे लेकर उन पर जमकर निशाना साधा जा रहा है। फ्लोरिडा के इस राजनेता की टिप्पणियों के खिलाफ सिटी काउंसिल ने निंदा प्रस्ताव पारित किया। रिपोर्ट के अनुसार, इस कदम के बाद लैंगविन को अब कोई भी एजेंडा तय करने से पहले सहमति लेनी होगी। साथ ही, उन्हें आधिकारिक बयान से रोक दिया गया है और समितियों से भी हटा दिए गए हैं। लैंगविन ने भारतीयों की सामूहिक रूप से निर्वासन की मांग की थी। उसने कहा कि कोई भी भारतीय यूएस की परवाह नहीं करता और वे केवल आर्थिक शोषण के लिए यहां हैं। चांडलर लैंगविन ने अपनी पोस्ट में भारतीयों पर अमेरिका का शोषण करने का आरोप लगाया। उन्होंने स्टॉकटन हादसे का जिक्र किया, जहां भारतीय मूल के हरजिंदर सिंह पर गैरकानूनी यूटर्न के कारण तीन लोगों की मौत का आरोप है। 2 अक्टूबर को अपनी जन्मदिन की पोस्ट में लैंगविन ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से सभी भारतीयों के वीजा रद्द करने और उन्हें तत्काल निर्वासित करने की मांग की थी। उसने लिखा, आज मेरा जन्मदिन है और मैं चाहता हूं कि ट्रंप सभी भारतीय वीजा रद्द करें और उन्हें तुरंत निर्वासित करें। अमेरिका अमेरिकियों के लिए है। लैंगविन ने कहा कि भारतीय अमेरिकियों की जेब खाली करने के लिए यहां हैं। वे अमेरिका की संस्कृति में घुलमिल नहीं सकते। 18 अक्टूबर की पोस्ट में उन्होंने रूढ़िवादी हिंदुओं और भारतीयों का जिक्र किया जो उनकी निर्वासन की मांग का समर्थन करते हैं। हालांकि, बाद में लैंगविन ने साफ किया कि उनकी टिप्पणियां केवल अस्थायी वीजा धारकों के लिए थीं, न कि भारतीय-अमेरिकी समुदाय के लिए। इन टिप्पणियों के बाद अमेरिका भर में भारतीय-अमेरिकी समूहों ने लैंगविन की कड़ी निंदा की है। उनके इस्तीफे की मांग की जा रही है। इस विवाद ने यूएस में नस्लीय और आप्रवासी मुद्दों पर चल रही बहस को और तेज कर दिया है।

### ब्रिटेन में सिख महिला से बलात्कार मामले में ऐक्शन, एक पुरुष और महिला गिरफ्तार

**लंदन, एजेंसी।** इंग्लैंड के वेस्ट मिडलैंड्स में सिख महिला के साथ बलात्कार मामले में एक पुरुष और एक महिला को गिरफ्तार किया गया है। ओल्डबरी इलाके में पिछले महीने इस अपराध को अंजाम दिया गया था। माना जा रहा है कि ये घटना नस्लीय भेदभाव के कारण अंजाम दी गई। वेस्ट मिडलैंड्स पुलिस ने बताया कि ये गिरफ्तारियां उसी काउंटी के हेल्सओवेन में महिला के साथ हुए रेप के सिलसिले में की गई हैं। बाद में दोनों आरोपियों को 20 वर्षीय ब्रिटिश सिख महिला के उत्पीड़न के मामले में भी गिरफ्तार किया गया। पिछले महीने की यौन उत्पीड़न की घटना में 2 श्वेत पुरुष हमलावरों ने पीड़िता से कहा था, तुम इस देश में नहीं हो, यहां से निकल जाओ। इस घटना ने सिख समुदाय में हड़कंप मचा दिया था। यूके की अपराध-निवारण संस्था क्राइमस्टॉपर्स ने इस नस्लीय रूप से प्रेरित बलात्कार के दोषियों की गिरफ्तारी और सजा के लिए जानकारी देने वालों के लिए 20 हजार पाउंड का इनाम घोषित किया था। ब्रिटिश सिख संगठनों ने भी सोशल मीडिया पर एकजुट होकर इस हमले के दोषियों की सजा के लिए कोई फुटेज प्रदान करने पर 10 हजार पाउंड के वित्तीय इनाम की पेशकश की थी।

### यूनान ने सिनवार समर्थकों के प्रदर्शन पर लगाई रोक

**तेल अवीव, एजेंसी।** यूनान (ग्रीस) की पुलिस ने राजधानी एथेंस में हमास के पूर्व नेता याह्या सिनवार की स्मृति में आहूत प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगा दिया। यह कार्यक्रम शुक्रवार की रात एथेंस के सिंटाग्मा स्क्वायर में ग्रीक संसद और अज्ञात सैनिक स्मारक के सामने आयोजित होने वाला था, जिसे ही इसका पता चला सोशल मीडिया में हंगामा मच गया। इसके बाद, पुलिस ने तुरंत हस्तक्षेप कर गैदर फॉर गाजा और स्टैंड विद फिलस्तीन की ओर से आयोजित होने वाले कार्यक्रम पर प्रतिबंध लगा दिया।

### फरार एथलीटों के लिए इंटरपोल रेड नोटिस जारी करेगा श्रीलंका

**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका उन एथलीटों की गिरफ्तारी के लिए इंटरपोल रेड नोटिस जारी करेगा, जो 2022 राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान बर्मिंघम से भाग गए थे और देश नहीं लौटे। कोलंबो के मुख्य मजिस्ट्रेट कोर्ट को शुक्रवार को यह जानकारी दी गई। कोर्ट ने ब्रिटेन में अवैध रूप से रह रहे 10 एथलीटों पर यात्रा प्रतिबंध लगाया है। श्रीलंका के खेल मंत्रालय की अपराध निवारण यूनिट ने कोर्ट को बताया कि इन एथलीटों के कारण सरकार को लगभग पांच करोड़ श्रीलंकाई रुपये का वित्तीय नुकसान हुआ।

# ट्रंप के खिलाफ सड़कों पर उतरे अमेरिकी, नो किंग्स प्रदर्शन में उमड़ी भारी भीड़

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अपने ही देश में भयंकर विरोध का सामना करना पड़ रहा है। ट्रंप और उनकी टीम के तानाशाही रवैए के खिलाफ यह तीसरा बड़ा प्रदर्शन हैं। आयोजकों के मुताबिक ट्रंप के खिलाफ अपना गुस्सा जाहिर करने के लिए पूरे अमेरिका में करीब 2600 जगहों पर यह प्रदर्शन हुआ, जिसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। ट्रंप विरोधी समूह इस प्रोटेस्ट को नो किंग्स के नाम से संबोधित कर रहे हैं, तो वहीं ट्रंप के समर्थक इसे हेट अमेरिका प्रदर्शन बता रहे हैं। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका में दिन के खत्म होने तक छोटे शहरों और कस्बों और यहां तक की कुछ विदेशी राजधानियों में भी इस तरह के प्रदर्शन होने की उम्मीद है। गौरतलब है कि ट्रंप के खिलाफ आखिरी बड़ा प्रदर्शन जून में हुआ था। आयोजकों के मुताबिक उस प्रदर्शन में लाखों की संख्या में लोग शामिल हुए थे। तब से लेकर अब तक ट्रंप ने काफी विवादास्पद फैसले किए हैं। ऐसे में इन प्रोटेस्ट में और भी ज्यादा लोगों के आने की उम्मीद है।




**सड़कों पर उतरे लोग :** रिपोर्ट्स के मुताबिक राजधानी वाशिंगटन की सड़कों पर उतरे अमेरिकी नागरिकों ने कैपिटल तक मार्च किया। रैली में कार्निवल जैसा महौल था। प्रदर्शनकारियों ने बैनर, अमेरिकी झंडे और गुब्बारे लिए हुए थे, और कुछ ने रंग-बिरंगे कपड़े भी पहने हुए थे। राजधानी वाशिंगटन के अलावा न्यूयॉर्क, बोस्टन, शिकागो और अटलांटा में भी नो किंग्स रैलियों में ट्रंप के खिलाफ भारी भीड़ उमड़ी हुई थी। एक प्रदर्शनकारी ने कहा कि वे लोकतंत्र और सच्चाई के लिए रैलियों में पहुंचे हैं। वह सत्ता के किसी भी अतिक्रमण के खिलाफ हैं। प्रदर्शन में शामिल होने आई स्टीफन केनी ने कहा, मैं अपने लोकतंत्र के लिए, अपने अप्रवासी पड़ोसियों के लिए, अपने समुदाय के लिए डरी हुई हूं। लोग अपने अधिकार खो रहे हैं। मेरे ट्रांस दोस्त अपनी जान को लेकर काफी डरे हुए हैं। ऐसे माहौल में मुझे लगा कि कम से कम मुझे यह तो करना ही चाहिए। वहीं, ट्रंप के चेहरे जैसा मास्क लगाए एक व्यक्ति ने कहा, मैं डीसी का एक गौरवान्वित नागरिक हूं। मैं नहीं चाहता कि असहमति को कुचलने के लिए सेना को शहरों के खिलाफ हथियारबंद किया जाए। मैं यहां पर काफी अच्छा महसूस कर रहा हूं कि हम यहां विरोध करने की क्षमता रखते हैं। हजारों की तदाद में मौजूद लोगों ने समंदर के किनारे अपना विरोध जाहिर किया।

**ट्रंप बोले- मैं राजा नहीं :** अमेरिका के समयानुसार विरोध प्रदर्शन शुरू होने के बाद से ट्रंप की तरफ से कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। हालांकि शुक्रवार को एक इंटरव्यू के दौरान ट्रंप ने कहा, वे मुझे राजा कह रहे हैं... मैं राजा नहीं हूं। नो किंग्स मार्च के मुख्य आयोजक, इंडिविजिबल की सह-संस्थापक लीह ग्रीनबर्ग के अनुसार, इन मार्चों का आयोजन लगभग 300 जमीनी स्तर के समूहों द्वारा किया गया है। रॉयटर्स के अनुसार, इन मार्चों को कई नेताओं का समर्थन प्राप्त है, जिनमें सीनेटर बर्नी सैंडर्स और अमेरिकी प्रतिनिधि अलेक्जेंड्रिया ओकासियो कोर्टेज एक डेमोक्रेट शामिल हैं।

ट्रम्प के कार्यकाल में तीसरा बड़ा विरोध प्रदर्शन राष्ट्रपति ट्रम्प के कार्यकाल में हुआ यह तीसरा बड़ा प्रदर्शन है। खास बात यह है कि इस वक्त अमेरिका में शट[डाउन लगा हुआ है। कई सरकारी सेवाएं ठप हैं। ट्रम्प प्रशासन के ताकतवर रवैये को लेकर संसद और न्यायपालिका के साथ टकराव बढ़ गया है। ट्रम्प के खिलाफ प्रदर्शनकारियों ने नाराजगी जताई प्रदर्शन में शामिल लोगों ने लोकतंत्र, न्याय और सत्ता के दुरुपयोग के खिलाफ अपनी आवाज उठाई। ह्यूस्टन में अमेरिकी मरीन कोर के पूर्व सैनिक डैनियल गेमेज ने कहा, मैं समझ नहीं पा रहा कि देश में अभी क्या हो रहा है।

इंडिविजिबल संगठन की को-फाउंडर लिया ग्रीनबर्ग ने कहा, शांति से विरोध जताना और यह कहना कि हमारे पास कोई राजा नहीं है, यही अमेरिकी लोकतंत्र की पहचान है।

न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर में प्रदर्शनकारियों ने शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन किया। पुलिस ने बताया कि कोई गिरफ्तारियां नहीं हुई, जबकि पूरे शहर में 1 लाख से अधिक लोग शामिल थे। बोस्टन, फिलाडेल्फिया, अटलांटा, डेनवर, शिकागो और सिएटल में भी हजारों लोग इकट्ठा हुए। लॉस एंजिलिस के आसपास दर्जनों रैलियां हुईं। सिएटल में लोग शहर के स्पेस नीडल के पास एक मील लंबी परेड में शामिल हुए। सैन डिएगो में 25,000 से अधिक लोग शांतिपूर्ण प्रदर्शन में शामिल हुए।

## अमेरिका की चेतावनी- फलस्तीनियों पर हमले की योजना बना रहा हमास, यह संघर्ष विराम समझौते का होगा सीधा उल्लंघन



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका ने शनिवार (स्थानीय समयानुसार) हमास को सख्त चेतावनी दी। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने कहा कि उसे जानकारी मिली है कि हमास गाजा में फलस्तीनी लोगों पर सुनियोजित हमले की तैयारी कर रहा है। अगर हमास ऐसा करता है तो यह इस्राइल के साथ हुए संघर्षविराम समझौते का सीधा और गंभीर उल्लंघन होगा। सात अक्तूबर को हमास के हमलों के दो साल तक चले युद्ध को खत्म करने में यह संघर्षविराम मददगार साबित हुआ है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि उसे भरोसेमंद खुफिया रिपोर्ट मिली हैं, जिनसे संकेत मिलता है कि हमास संघर्षविराम का गंभीर उल्लंघन करने जा रहा है और इस बार यह हमला खुद उसके ही लोगों पर होगा। बयान में कहा गया, अमेरिका ने गाजा शांति समझौते की गारंटी देने वाले देशों को सूचित कर दिया है कि हमास की ओर से गाजा के लोगों पर हमले करके संघर्षविराम का उल्लंघन कर सकता है। इसमें कहा गया, फलस्तीनी लोगों पर यह सुनियोजित हमला संघर्षविराम समझौते का सीधा और गंभीर उल्लंघन होगा और इससे मध्यस्थता के जरिये अब तक जो प्रगति हुई है, वह भी खतरे में पड़ जाएगी। अमेरिका ने अन्य गारंटी देने वाले देशों के साथ मिलकर हमास से अपील की है कि वह ऐसे किसी भी कदम से पीछे हटे जो आम नागरिकों को खतरे में डाले या क्षेत्र में पहले से ही नाजुक शांति व्यवस्था को अस्थिर करे। बयान में कहा गया, गारंटी देने वाले देशों की अपील है कि हमास संघर्ष विराम की शर्तों का पूरी तरह पालन हो। अगर हमास यह हमला करता है, तो गाजा के लोगों की सुरक्षा और संघर्ष विराम की विश्वसनीयता को बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने दोहराया कि अमेरिका आम नागरिकों की सुरक्षा और क्षेत्रीय स्थिरता बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। उसने यह भी कहा कि हमास की ओर से कोई भी आक्रामक कदम संघर्षविराम का उल्लंघन होगा और लंबे समय से चल रही।

## पूर्व पीएम ओली ने किया एलान, आम चुनाव नहीं लड़ेगी नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी

**काठमांडो, एजेंसी।** नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एमाले) के अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने घोषणा की है कि उनकी पार्टी 5 मार्च, 2026 को होने वाले आम चुनाव में हिस्सा नहीं लेगी। ओली के इस बयान पर राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने असंतोष जताया है। बौद्धिक समुदाय के प्रतिनिधियों के साथ शनिवार को शीतल निवास में हुई बातचीत के दौरान राष्ट्रपति पौडेल ने कहा कि प्रमुख विपक्षी दल का चुनाव से दूर रहना लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए उचित संकेत नहीं है। बैठक में शामिल एक सहभागी ने अमर उजाला से कहा, राष्ट्रपति पौडेल ओली के उस निर्णय से असंतुष्ट थे, जिसमें एमाले ने आगामी चुनाव से दूर रहने की घोषणा की है। चर्चा के दौरान राष्ट्रपति पौडेल ने यह भी याद दिलाया कि उन्होंने सुशीला कार्की को प्रधानमंत्री नियुक्त करने का निर्णय भी ओली की सिफारिश पर किया था।

**ज्ञवाली व शाक्य ने जताया विरोध :** ओली ने भले ही चुनाव में भाग न लेने का एलान किया, लेकिन उनकी इस घोषणा का उपाध्यक्ष युवराज ज्ञवाली और अष्टलक्ष्मी शाक्य ने विरोध किया। दोनों नेताओं ने कहा कि पार्टी को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से अलग नहीं रहना चाहिए। इसके चलते बैठक में कुछ समय के लिए हलचल मच गई।

**काठमांडो के 5 संवेदनशील क्षेत्रों में विरोध प्रदर्शनों पर प्रतिबंध :** नेपाली प्राधिकारियों ने राजधानी काठमांडो के पांच संवेदनशील क्षेत्रों में दो महीने की अवधि के लिए विरोध प्रदर्शनों पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह प्रतिबंध शनिवार से प्रभावी हो गए हैं। काठमांडो जिला प्रशासन कार्यालय द्वारा जारी नोटिस के अनुसार, राष्ट्रपति कार्यालय, सचिवालय, प्रधानमंत्री आवास, उपराष्ट्रपति आवास और नारायणहिती संग्रहालय के आसपास के क्षेत्रों पर प्रतिबंध लगा दिए गए हैं।

इन सभी पांच स्थानों पर विरोध कार्यक्रम, सभा, धरना, भूख हड़ताल व प्रदर्शन प्रतिबंधित कर दिए गए हैं। नोटिस के अनुसार, इन संवेदनशील क्षेत्रों में विरोध प्रदर्शन, सभाएं और जुलूस से कानून-व्यवस्था की स्थिति खतरे में पड़ सकती है और शांति भंग हो सकती है।

## चेंग ली-वुन बनीं मुख्य विपक्षी पार्टी की अध्यक्ष, पांच उम्मीदवारों को हराया, नवंबर में संभालेगी पद

**ताइपे, एजेंसी।** ताइवान की मुख्य विपक्षी नेशनलिस्ट पार्टी ने शनिवार को एक कड़े मुकाबले के बाद पूर्व सांसद चेंग ली-वुन को अपना नया अध्यक्ष चुना। इस चुनाव में चीन की दखलंदाजी के आरोप लग रहे थे। चुनाव में एकमात्र महिला उम्मीदवार चेंग ली-वुन ने सबसे ज्यादा मत हासिल किए। वह खुद को एक बदलावकारी नेता के रूप में पेश कर रही थीं। उन्होंने ताइपे के पूर्व मेयर हाउ लुंग-बिन और चार अन्य उम्मीदवारों को हराया। यह पार्टी चीन के साथ करीबी संबंधों के लिए जानी जाती है और इसे केएमटी के नाम से भी जाना जाता है।



हालांकि, पार्टी को पिछले तीन बार के राष्ट्रपति चुनावों में आजादी समर्थक सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (डीपीपी) से हार का सामना करना पड़ा है। फिर भी केएमटी की ताइवान की राजनीति में मजबूत पकड़ बनी हुई है। पार्टी के पास संसद में इतनी सीटें हैं कि वह अपने सहयोगियों के साथ मिलकर बहुमत वाला गठबंधन बना सकती है। कुछ महीने पहले हुए पुनर्चुनाव में भी केएमटी को जीत मिली थी। यह चुनाव उस समय लाए गए कुछ कानूनों के खिलाफ विरोध के चलते हुए थे। ये कानून राष्ट्रपतिकी शक्तियों को कम करने और चीन के पक्ष में माने जा रहे थे। चेंग नवंबर में अपना पद संभालेंगी और उनके आने से यह तय होगा कि ताइवान चीन के साथ अपने संबंधों को किस दिशा में ले जाएगा। इसके अलावा, वह घरेलू और अंतरराष्ट्रीय नीतियों पर भी असर डालेंगी। वह पार्टी की 2026 के स्थानीय चुनावों में अगुवाई करेंगी। साथ ही, पार्टी 2028 में राष्ट्रपति लाई चिंग-ते के खिलाफ भी उम्मीदवार उतारेगी। अपने चुनाव प्रचार के दौरान चेंग ने कहा था कि वह पार्टी को भेड़ से शेर बनाना चाहती हैं। उन्होंने राष्ट्रपति लाई के उस प्रस्ताव का विरोध किया जिसमें रक्षा बजट को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का पांच फीसदी करने की बात कही गई थी। खास बात यह है कि चेंग कभी खुद भी डीपीपी की सदस्य रह चुकी हैं। चुनाव जीतने के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में चेंग ने कहा कि पार्टी विदेश नीति में समानता, सम्मान और पारस्परिक लाभ के सिद्धांतों का पालन करेगी। उन्होंने कहा, हमें ताइवान को किसी संकट का कारण नहीं बनने देना चाहिए। दूसरा, हमें ताइवान को भू-राजनीति की बलि नहीं चढ़ने देना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी शांति बनाए रखने वाली पार्टी बनेगी। चीन की ताइवान को लेकर मौजूदा सरकार से खासतौर पर टकराव की स्थिति बनी हुई है। बीजिंग राष्ट्रपति लाई को अलगाववादी मानता है और कह चुका है कि अगर जरूरत पड़ी, तो वह ताइवान पर बल प्रयोग भी कर सकता है। हाल के वर्षों में चीन ने ताइवान पर सैन्य, राजनयिक और आर्थिक दबाव बढ़ा दिया है ताकि वहां की सरकार को कमजोर किया जा सके।

## राजनीतिक पार्टी बनाएगा नेपाल का जेन-जी समूह, लेकिन 2026 का चुनाव लड़ने पर डाला सस्पेंस

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल में के पी शर्मा ओली की सरकार को उखाड़ फेंकने वाला जेन-जी समूह अब राजनीतिक पार्टी बनाने की तैयारी में है। शनिवार को उन्होंने अपनी इस योजना की घोषणा की। हालांकि, जब उनसे पूछा गया कि क्या वह अगले साल होने वाले आम चुनावों में भाग लेंगे? इसका जवाब देते हुए समूह की तरफ से कहा गया कि जब उनकी कुछ मूलभूत शर्तें पूरी होंगी, तभी वह इसमें भाग लेंगे।

पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए जेन-जी समूह के नेता मिराज धुंगाना ने अपने एजेंडे का खुलासा करते हुए इस बात पर जोर दिया कि उनकी नई पार्टी का उद्देश्य नेपाल में जेन-जी की आवाज को एकजुट करना होगा। धुंगाना ने जोर देकर कहा कि 5 मार्च 2026 को प्रस्तावित आगामी चुनाव में उनकी पार्टी की भागीदारी सरकार द्वारा विशिष्ट मांगों को पूरा करने पर निर्भर होगा। इतना ही नहीं उन्होंने इस बात का भी खुलासा किया कि फिलहाल उनकी पार्टी एक बेहतर नाम के लिए सुझाव एकत्र कर रही है।

**जेन-जी समूह की दो प्रमुख मांगें :** आपको बता दें नेपाल के जेन-जी समूह की प्रमुख दो मांगों में, प्रत्यक्ष रूप से निर्वाचित कार्यकारी प्रणाली की शुरुआत और विदेशों में रहने वाले नेपाली नागरिकों को मतदान का अधिकार देना शामिल है। इसके अलावा धुंगाना ने भ्रष्टाचार नियंत्रण के लिए एक नागरिक नेतृत्व वाली जांच समिति के गठन और आर्थिक परिवर्तन पर स्पष्ट नीति अपनाने पर जोर दिया। धुंगाना ने कहा, हम सुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही के लिए संघर्ष करते रहेंगे। जेन-जी युवाओं का बलिदान व्यर्थ नहीं जाना चाहिए।

**धुंगाना ने सुझाए नेपाल को आगे बढ़ाने के रास्ते :** इसके अलावा धुंगाना ने रोजगार की वजह से देश छोड़कर जाने वाले युवाओं पर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि नेपाली युवाओं के बढ़ते पलायन की वजह से हिमालयी राष्ट्र का आर्थिक विकास रुक गया है।

पिछली सरकारों को यह मुद्दा उठाना चाहिए था लेकिन उन्होंने इस पर कोई काम नहीं किया। इसके अलावा धुंगाना ने घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, हम दो घनी आबादी वाले पड़ोसी देशों से घिरे हैं जिनकी कुल जनसंख्या तीन अरब है, हमें पड़ोसी बाज़ारों को लक्षित करते हुए अपना उत्पादन बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है।

## युद्धविराम के लिए तैयार हो गए पाकिस्तान और अफगानिस्तान, अब इंस्तांबुल में होगा जमावड़ा



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** कतर के दोहा में काफी जद्दोजेहद के बाद आखिरकर पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तुरंत सीजफायर करने पर सहमति बन गई है। अफगान विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी की भारत यात्रा के दौरान पाकिस्तान ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल समेत कई इलाकों में एयरस्ट्राइक की थी। इसके बाद दोनों ही देशों में तनाव बढ़ गया था। किसी तरह 48 घंटे का सीजफायर करवाया गया लेकिन पाकिस्तान ने बीच में ही फिर एयरस्ट्राइक कर दी जिमसें कम से कम 10 अफगान नागरिकों की जान चली गई। अफगानिस्तान की तरफ से बताया गया कि मारे गए लोगों में तीन क्रिकेटर भी शामिल थे। जानकारी के मुताबिक दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडलों के बीच अगली वार्ता 25 अक्टूबर को इंस्तांबुल में होगी। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच जंग रुकवाने के लिए तुर्की और कतर मध्यस्थता कर रहे थे। कतर के विदेश मंत्री ने कहा, दोनों देशों के शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए यह समझौता बहुत ही आवश्यक था। दोहा में वार्ता में शामिल होने केबाद पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि अब दोनों देशों के बीच 25 अक्टूबर को इंस्तांबुल में वार्ता होगी। आसिफ ने कहा, अफगानिस्तान से पाकिस्तान की धरती पर होने वाले आतंकी हमले तत्काल रोकने होंगे। दोनों ही देश आपस में एक दूसरे कि संप्रभुता का सम्मान करेंगे। पाकिस्तान की तरफ से वार्ता करने वाले प्रतिनिधिमंडल में आईएसआई चीफ जनरल आसिम मलिक भी शामिल थे। इसके अलावा अफगानिस्तान की तरफ से रक्षा मंत्री मोहम्मद याकूब ने इस वार्ता में हिस्सा लिया था।

पाकिस्तान का कहना है कि अफगानिस्तान तहरीक-ए-तालिबान को शह देता है और उसी की धरती पर पाकिस्तान में आतंकी हमलों की साजिश रची जाती है। वहीं अफगानिस्तान ने इस बात से इनकार करते हुए कहा कि जिस आईआईएस को पाकिस्तान में जगह मिलती थी उसे खत्म करने में तालिबान ने ही अहम भूमिका निभाई है। वार्ता से पहले तालिबान के एक सीनियर अधिकारी ने कहा था कि पाकिस्तान ने पत्तिका प्रांत में तीन जगहों पर बमबारी की। इसमें दो बच्चों और तीन क्रिकेटरों समेत कुल 10 लोगों की मौत हो गई। उन्होंने कहा, सीमा पर हालात फिलहाल काबू में हैं।

## अमेरिका का ड्रग्स ले जा रही सबमरीन पर हमला, ट्रम्प बोले- 25000 अमेरिकी बच गए

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका ने कैरिबियन सी में ड्रग्स ले जा रही एक सबमरीन पर हमला किया। इस हमले में दो तस्कर मारे गए। वहीं जिंदा बचे दो तस्करों को उनके देश, इक्वाडोर और कोलंबिया वापस भेज दिया गया। इसकी जानकारी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर दी।

ट्रम्प ने कहा, मुझे बहुत गर्व का मौका मिला है कि मैंने एक बहुत बड़े ड्रग्स-ले जाने वाले सबमरीन को नष्ट किया, जो अमेरिका की ओर बढ़ रहा था। इसमें फेंटेनाइल और अन्य नशीले पदार्थ भरे हुए थे।

ट्रम्प ने आगे बताया कि दो तस्कर मारे गए और बचे हुए दो तस्करों को उनके देशों में भेजा गया है, जहां उन्हें गिरफ्तार और मुकदमा चलाया जाएगा। ट्रम्प के मुताबिक यह हमला लैटिन अमेरिका से अमेरिका में ड्रग्स की आपूर्ति को रोकने के लिए अमेरिकी सेना की लगातार चल रही अभियान का हिस्सा है। सितंबर से अब तक कम से कम छह जहाजों पर अमेरिकी हमले हुए हैं, जिनमें ज्यादातर स्पीडबोट हैं। अमेरिका का दावा है कि यह अभियान ड्रग तस्करी पर निर्णायक हमला कर रहा है, लेकिन अभी तक मारे गए लोगों के ड्रग्स तस्कर होने के सबूत सार्वजनिक नहीं किए गए हैं।

**25 हजार अमेरिकियों की होती मौत :** ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल प्लेटफॉर्म पर साझा एक पोस्ट में लिखा, एक बड़े पैमाने पर ड्रग ले जाने वाली पनडुब्बी को नष्ट करना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात थी। यह पनडुब्बी एक जाने-माने मादक पदार्थों की तस्करी के रास्ते से अमेरिका की ओर आ रही थी। उन्होंने आगे कहा कि यह पनडुब्बी फेंटेनाइल और अन्य ड्रग्स से भरी हुई थी। ट्रंप ने लिखा कि पनडुब्बी पर चार तस्कर सवार थे, जिनमें से दो अमेरिकी हमले में मारे गए और बाकी दो को हिरासत में लेकर उनके मूल देश कोलंबिया और इक्वाडोर भेजा जा रहा है। अगर यह पनडुब्बी अमेरिका पहुंच जाती तो इसमें मौजूद ड्रग्स से कम से कम 25 हजार अमेरिकी लोगों की मौत होती।



**अमेरिका ने नहीं दिया कोई सबूत :** कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने भी एक कोलंबियाई संदिग्ध को अमेरिका से वापस भेजे जाने की पुष्टि की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि हमें खुशी है कि वह जिंदा है और उस पर कानून के मुताबिक मुकदमा चलाया जाएगा। पनडुब्बी पर अमेरिकी हमला ऐसे समय हुआ है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ड्रग तस्करी के खिलाफ अभियान छेड़ा हुआ है। इसके चलते ट्रंप ने वेनेजुएला से अमेरिकी की तरफ कथित तौर पर ड्रग तस्करी करने वाली नौकाओं को निशाना बनाया है।

हालांकि ताजा हमले में भी अमेरिका ने ऐसा कोई सबूत नहीं दिया, जिससे पता चले कि जिस पनडुब्बी पर हमला हुआ, उस पर ड्रग तस्कर ही सवार थे। न ही अमेरिका ने ये बताया कि ये पनडुब्बी कहां से आ रही थी।

# आईसीसी रैंकिंग : स्मृति मंधाना शीर्ष स्थान पर बरकरार, दीप्ति तीसरे स्थान पर

**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय उप कप्तान स्मृति मंधाना आईसीसी की मंगलवार को जारी नवीनतम महिला एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बनी हुई हैं। उन्होंने इंग्लैंड की कप्तान नेट स्किवर ब्रंट पर 83 अंक की बढ़त बना ली है। गेंदबाजी रैंकिंग में भारतीय ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा तीसरे स्थान पर हैं जबकि इंग्लैंड की बाएं हाथ की स्पिनर सोफी एकलेस्टोन शीर्ष पर हैं। स्मृति ने मौजूदा विश्व कप में लगातार अर्धशतक बनाए हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ इंदौर में पिछले मैच में भारत की करीबी हार के दौरान 88 रन की पारी खेली थी।

स्मृति ने हाल ही में शानदार प्रदर्शन किया है। इस बाएं हाथ की बल्लेबाज को विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के लिए सितंबर 2025 के लिए आईसीसी की महीने की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर चुना गया था। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली विश्व कप में लगातार शतकों के दम पर एक स्थान के फायदे से तीसरे स्थान पर हैं। फॉर्म में चल रही दक्षिण अफ्रीका की ताजमिन ब्रिट्स (एक स्थान ऊपर चढ़कर नौवें स्थान पर) ने भी बल्ले से अपने दमदार प्रदर्शन के दम पर शीर्ष 10 में अपनी जगह मजबूत की है।

शीर्ष 10 के बाहर भी कुछ बदलाव हुए हैं जिसमें भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर (तीन स्थान के फायदे से 15वें स्थान पर), ऑस्ट्रेलिया की सलामी बल्लेबाज फीबी लिचफील्ड (पांच स्थान के फायदे से 17वें स्थान पर) और इंग्लैंड की अनुभवी हीथर नाइट (15 स्थान के फायदे से 18वें पायदान पर) सभी को विश्व कप में बल्ले से उनके शानदार प्रदर्शन का इनाम मिला है। गेंदबाजी रैंकिंग में दीप्ति ने विश्व कप में अब तक पांच मैच में 13 विकेट की बदौलत तीन स्थान के फायदे से तीसरा स्थान हासिल किया है।

ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर एलेना किंग दो स्थान के सुधार के साथ सातवें स्थान पर हैं जबकि पाकिस्तान की तीन खिलाड़ियों नशरा संधू (तीन स्थान के सुधार के साथ 11वें स्थान पर), सादिया इकबाल (पांच स्थान के सुधार के साथ 14वें स्थान पर) और फातिमा सना (पांच स्थान के सुधार के साथ 24वें स्थान पर) की रैंकिंग में भी सुधार हुआ है। फातिमा ने एकदिवसीय ऑलराउंडर की सूची में अपनी स्थिति मजबूत की है जिसमें ऑस्ट्रेलिया की ऐश गार्डनर शीर्ष पर हैं। फातिमा पांच स्थान के सुधार के साथ 15वें स्थान पर हैं जबकि श्रीलंका की कप्तान चामरी अटापट्टू एक स्थान के फायदे से सातवें पायदान पर है।





# चयनसमिति और खिलाड़ियों के बीच सीधी बातचीत होनी चाहिये : अश्विन




**–अगरकर के स्पष्ट रवैये की प्रशंसा की**

**चेन्नई (एजेंसी)।** तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की फिटनेस को लेकर जानकारी नहीं होने के मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर के बयान को लेकर स्पिनर आर अश्विन ने कहा है कि खिलाड़ियों और चयनकर्ताओं के बीच बातचीत होनी चाहिये। हाल ही अगरकर ने कहा था कि शमी की फिटनेस स्थिति को लेकर उन्हें कोई जानकारी नहीं है जबकि शमी ने कहा था कि वह सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (एनसीए) से फिट होकर लौटे थे। इसलिए चयनकर्ताओं को फिटनेस की जानकारी स्वयं कैसे देते। शमी को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जारी तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए टीम में शामिल नहीं किया गया था।

अश्विन ने कहा है कि खिलाड़ियों और चयनकर्ताओं के बीच कोई संदेह नहीं रहे। इसके लिए इनकी बातचीत होनी चाहिये। अगरकर ने शमी को ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए टीम में नहीं चुने जाने के पीछे फिटनेस को कारण बताया था। वहीं शमी ने कहा था कि इस इस दौरान रणजी ट्रॉफी खेल रहे थे और पूरी तरह से फिट थे।

अगरकर ने कहा कि अगर मोहम्मद शमी अगले कुछ महीनों में पूरी तरह से फिट रहे, तो भविष्य में उनके चयन पर विचार होगा। अश्विन ने कहा कि कैसे खिलाड़ियों और प्रशासन के बीच संवादहीनता से हालात बिगड़ जाते हैं। अश्विन ने कहा, भारतीय क्रिकेट में सीधी बात नहीं होती है। मैं सचमुच चाहता हूं कि इसमें बदलाव किया जाये और ये दोनो ओर से होना चाहिये। अभी अगर कोई सीधी बात कही जाती है, तो वह विवादों में आ ही जाती है।।

उन्होंने शमी के मामले को लेकर कहा, शमी ने मीडिया से बात की , इसमें कुछ भी गलत नहीं है, लेकिन वो ये सब क्यों बोल रहे हैं? क्योंकि उन्हें सीधी जानकार नहीं मिली। अगर उन्हें इस बात की रुपष्ट जानकारी होती कि उनसे क्या उम्मीदें हैं, तो शमी ऐसा नहीं कहते? एक खिलाड़ी के तौर पर जब भी मुझे स्पष्टता नहीं मिलती थी, तो मैं हमेशा थोड़ा निराश महसूस करता था।

अश्विन ने हालात को पेशेवर तरीके से संभालने के लिए अगरकर की भी प्रशंसा की। अश्विन ने कहा, मुझे अगरकर का यह तरीका बहुत पसंद आया कि अगर शमी कुछ कहना चाहेंगे तो मैं फोन करके उनसे बात करूँगा।।

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे चार दिवसीय मैच में कप्तानी करेंगे ऋषभ



**–टेस्ट सीरीज से होगी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी**

**मुम्बई (एजेंसी)।** आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाले दूसरे चार दिवसीय मैच के लिए इंडिया ए का कप्तान बनाया गया है। इसी के साथ ही ऋषभ की मैदान पर वापसी तय हो गयी है। ऋषभ इंग्लैंड दौरे में पैर की अंगुली में हुए फ्रैक्चर के बाद से ही टीम से बाहर थे। इंडिया ए को बेंगलुरु में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 2 चार-चार दिवसीय मैच खेलने हैं। इसका पहला मैच 30 अक्टूबर से खेला जाएगा, जबकि दूसरा मैच 6 नवंबर से खेला जाएगा। इसके बाद 14 नवंबर से 2 मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी। इससे उपकप्तान ऋषभ की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी होगी। ऋषभ को पहले 25 अक्टूबर से दिल्ली के लिए रणजी मैच खेलना था पर अब उनको वह मैच खेलने की जरुरत नहीं रहेगी। वह अपनी मैच फिटनेस इंडिया ए के मैचों में ही साबित कर सकते हैं। दोनो ही चार दिवसीय मैचों के लिए टीम में कुछ बदलाव भी किये गये हैं।

दूसरे चार दिवसीय मैच के लिए इंडिया ए टीमः ऋषभ पंत (कप्तान) (विकेटकीपर), केएल राहुल, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), साई सुदर्शन (उपकप्तान), देवदत्त पडिक्कल, रुतुराज गायकवाड़, हर्ष दुबे, तनुष कोटियन, मानव सुथार, खलील अहमद, गुरनूर बराड़, अभिमन्यु ईश्वरन, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप।

# महिला विश्व कप: एक दूसरे के खिलाफ अपनी बादशाहत साबित करने के लिए भिड़ेंगे ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड

**इंदौर (एजेंसी)।** गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड पहले ही महिला वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं और ऐसे में बुधवार को यहां जब यह दोनों टीम शीर्ष स्थान के लिए होने वाले मुकाबले में आमने सामने होंगी तो उनका लक्ष्य एक दूसरे पर अपनी बादशाहत साबित करना और अपनी जीत की लय बरकरार रखना होगा।

दोनों टीमें अब तक अजेय रही हैं। इन दोनों टीम ने अभी तक चार मैच जीते हैं जबकि दोनों का एक-एक मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था, लेकिन ऑस्ट्रेलिया इंग्लैंड के 1.490 की तुलना में 1.818 के बेहतर नेट रन रेट के कारण अंक तालिका में शीर्ष पर है। इस मैच में जो भी टीम जीत हासिल करेगी उसका शीर्ष स्थान पक्का हो जाएगा। इसके अलावा उसे सेमीफाइनल से पहले मनोवैज्ञानिक बढ़त भी हासिल हो जाएगी।

एलिसा हीली की अगुवाई वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम को अभी तक कुछ अवसरों पर चुनौती का सामना भी करना पड़ा है लेकिन उसका प्रदर्शन शानदार रहा है। पहले दो मैच में उसके बल्लेबाज अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे लेकिन एशले गार्डनर और बेथ मूनी के शानदार प्रदर्शन से वह न्यूज़ीलैंड और पाकिस्तान के खिलाफ जीत हासिल करने में सफल रही थी। इसके बाद लगातार दो मैच में शतक लगाने वाली कप्तान हीली और भरोसेमंद फोएबे लिचफील्ड के नेतृत्व में उनके शीर्ष क्रम ने अपनी लय हासिल कर ली है।




इंग्लैंड के बल्लेबाजों को तेज गेंदबाजों के खिलाफ संघर्ष करना पड़ा है और नई गेंद की विशेषज्ञ मेगन शट जैसी गेंदबाज इसका फायदा उठाने के लिए उत्सुक होंगी। ऑस्ट्रेलिया को इंग्लैंड पर मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल है, क्योंकि इस वर्ष के शुरू में उसने घरेलू मैदान पर उन्हें सभी प्रारूपों में परास्त किया था। लेकिन इंग्लैंड यहां की परिस्थितियों को बेहतर तरीके से जानता है क्योंकि कुछ दिन पहले उसने यहां भारत को पराजित किया था।

इंग्लैंड के गेंदबाजों ने दबाव में भी अपना धैर्य बनाए रखा, जिसमें लिंसे स्मिथ ने कमाल दिखाया। उन्होंने अंतिम ओवर में 13 रन बचाने से पहले स्मृति मंधाना का महत्वपूर्ण विकेट लिया। इसके अलावा उसके पास बाएं हाथ की स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन और ऑफ स्पिनर चार्ली डीन जैसे अनुभवी गेंदबाज हैं जो लगातार इंग्लैंड को मुश्किल परिस्थितियों से उबारती रही है। इंग्लैंड के लिए बल्लेबाजी हालांकि चिंता का विषय है क्योंकि अभी तक रन की बनाने की मुख्य जिम्मेदारी अनुभवी हीथर नाइट और नैट साइवर-ब्रंट ने उठाई है। इंग्लैंड को अगर जीत हासिल करनी है तो उसके अन्य बल्लेबाजों को भी योगदान देना होगा।

**टीमें इस प्रकार हैं**

ऑस्ट्रेलियाः एलिसा हीली (कप्तान और विकेटकीपर), फोबे लिचफील्ड, बेथ मूनी (विकेटकीपर), जॉर्जिया वोल, एशले गार्डनर, किम गर्थ, हीथर ग्राहम, अलाना किंग, ताहलिया मैकग्रा, सोफी मोलिनक्स, एलिस पेरी, एनाबेल सदरलैंड, डार्सी ब्राउन, मेगन शट, जॉर्जिया वेयरहैम।

इंग्लैंडः नैट साइवर-ब्रंट (कप्तान), एम अर्लट, टैमी ब्यूमोंट, लॉरेन बेल, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, सोफिया डंकले, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फाइलर, सारा ग्लेन, एमी जोन्स, हीथर नाइट, एम्मा लैम्ब, लिन्सी स्मिथ, डैनी व्याट-हॉज।

# विराट ने शुभमन और अय्यर को पहले मैदान में जाने का अवसर दिया

पर्थ ।ऑस्ट्रेलिया दौरे में पर्थ में हुए पहले ही एकदिवसीय क्रिकेट मुकाबले में भारतीय टीम को हार का सामना करना पड़ा है पर इस मैच में भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने जिस प्रकार कप्तान शुभमन गिल और उप-कप्तान श्रेयस अय्यर को राष्ट्रगान के लिए पहले मैदान में जाने का अवसर दिया उसकी सभी ने प्रशंसा की है। इसका एक विडियो आया है। इसमें विराट मैदान में कदम रखने से पहले अचानक ही रुक गये और उन्होंने शुभमन और श्रेयस को पहले प्रवेश करने क इशारा किया। पहले एकदिवसीय में शुभमन के अलावा कोहली, अय्यर और रोहित शर्मा सभी असफल रहे थे। कोहली शून्य पर आटउ हुए। वहीं रोहित आठ रन बना पाये थे। अय्यर भी 11 रन बनाकर पेवेलियन लौट गये। भारतीय टीम पहला एकदिवसीय हारी है ऐसे में उसका लक्ष्य एडिलेड ओवल में होने वाले दूसरे एकदिवसीय में वापसी करना रहेगा। एडिलेड में कोहली ने कई बड़ी पारियां खेली हैं। इस मैच में कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को अंतिम ग्यारह में जगह मिल सकती है।

# विराट कोहली की इस कमजोरी का फायदा उठाएंगे तेज गेंदबाज : मैथ्यू शॉर्ट

एडीलेड : ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मैथ्यू शॉर्ट का मानना है कि उनकी टीम के तेज गेंदबाज बृहस्पतिवार को यहां दूसरे एकदिवसीय मैच में विराट कोहली की ऑफस्टंप के बाहर की गेंदों के खिलाफहाल की कमजोरी का फायदा उठाना जारी रखेंगे। पर्थ में श्रृंखला के पहले मैच में शून्य पर आउट हुए कोहली एडीलेड ओवल में वापसी करने के लिए बेताब होंगे जो विदेशी सरजमीं पर उनका सबसे सफल मैदान हैं। इस मैदान पर उन्होंने पांच अंतरराष्ट्रीय शतक लगाए हैं और सभी प्रारूपों में 65 की औसत से रन बनाए हैं। शॉर्ट ने संवाददाताओं से कहा, 'मैं तेज गेंदबाजों की बैठक में नहीं था लेकिन ऐसा लगता है कि वह (कोहली) हाल ही में इसी तरह आउट हो रहे हैं। हॉफ (जोश हेजलवुड) और स्टार्सी (मिचेल स्टार्क) जैसे कुछ खिलाड़ियों ने उनके खिलाफ काफी गेंदबाजी की है और वे जानते हैं कि वे क्या कर रहे हैं। पर्थ में उन्होंने परिस्थितियों को अपना काम करने दिया। विकेट पर थोड़ी स्विंग और थोड़ी सी उछाल थी इसलिए मुझे यकीन है कि वे फिर से ऐसा ही करेंगे।' भारत को पहले एकदिवसीय में ऑप्टस स्टेडियम में 42,423 दर्शकों की मौजूदगी में भारी समर्थन मिला था जिनमें से अधिकांश सात महीने से अधिक समय के बाद रोहित शर्मा और कोहली की टीम में वापसी देखने आए थे। खेल के अन्य प्रारूपों से संन्यास लेने के बाद ये दोनों पूर्व कप्तान नौ मार्च को चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद पहली बार राष्ट्रीय टीम में लौटे हैं। दोनों ने इंग्लैंड दौरे से पहले टेस्ट प्रारूप से संन्यास की घोषणा कर दी थी जबकि सिर्फ एकदिवसीय मुकाबले खेलने का फैसला किया। पिछले साल भारत की विश्व कप जीत के बाद दोनों ने टी20 अंतरराष्ट्रीय प्रारूप से भी संन्यास ले लिया था। शॉर्ट ने कहा, 'जब रोहित या (शुभमन) गिल उस दिन (पर्थ में) आउट हुए और फिर कोहली आए तो बस नारे लगे। जब वह मैदान पर उतर रहे होते थे तो बल्लेबाज के रूप में मैदान से बाहर जाते समय आपको बहुत बुरा महसूस होता था। यह एक शानदार अनुभव है।' रोहित और कोहली दोनों ही अपने वापसी वाले मैच में लय में नहीं दिखे और क्रमशः आठ और शून्य रन पर आउट हो गए। ऑस्ट्रेलिया के कार्यवाहक कप्तान मिचेल मार्श ने नाबाद 46 रन की पारी खेलकर टीम को बारिश से प्रभावित मैच में सात विकेट से जीत दिलाई। भारत श्रृंखला में 0–1 से पीछे है इसलिए बृहस्पतिवार को एडीलेड में होने वाला मैच जीतना जरूरी है जिससे कि वह श्रृंखला में बने रह सके।

# एशिया कप ट्रॉफी विवाद : बीसीसीआई ने एशिया कप ट्रॉफी को लेकर मोहसिन नकवी को दी चेतावनी

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम ने सितंबर में पाकिस्तान को हराकर एशिया कप 2025 का खिताब अपने नाम किया था। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में टीम इंडिया ने पूरे टूर्नामेंट में अजेय प्रदर्शन करते हुए लगातार जीत दर्ज की। खास बात यह रही कि भारत ने पाकिस्तान को तीन बार हराया, जिससे फैंस में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।




**ट्रॉफी लेने से इंकार, शुरू हुआ विवाद**

खिताबी जीत के बाद मैदान पर एक अनोखा नजारा देखने को मिला। भारतीय टीम ने ACC चेयरमैन और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) के प्रमुख मोहसिन नकवी से ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया। टीम का कहना था कि वे नकवी के हाथों से ट्रॉफी नहीं लेना चाहते। इसके बाद नकवी ने ट्रॉफी अपने साथ ले ली, जिससे नया विवाद खड़ा हो गया।

**बीसीसीआई ने एसीसी को लिखा पत्र**

इस घटना के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने एशियन क्रिकेट काउंसिल (ACC) को औपचारिक पत्र भेजा है। BCCI के सचिव देवजीत सैकिया ने इंडिया टुडे से बातचीत में पुष्टि करते हुए कहा, 'हमने एसीसी को स्पष्ट कहा है कि एशिया कप ट्रॉफी भारत को सौंपी जाए। अगर जवाब नहीं मिला या नकारात्मक जवाब आया, तो मामला आईसीसी (ICC) तक ले जाया जाएगा।' बीसीसीआई का रुख साफ है कि विजेता टीम को ट्रॉफी हर हाल में मिलनी चाहिए। बोर्ड ने कहा कि यह सिर्फ सम्मान का नहीं, बल्कि क्रिकेट की मर्यादा का सवाल है।

**नकवी पर कार्रवाई की तैयारी**

सूत्रों के मुताबिक, अगर मोहसिन नकवी ट्रॉफी लौटाने से इनकार करते हैं, तो आईसीसी में उनके खिलाफ कार्रवाई की पहल की जा सकती है। बीसीसीआई ने पहले ही कहा था कि यह मुद्दा नवंबर में होने वाली आईसीसी की बैठक में उठाया जाएगा, जहाँ पाकिस्तानी बोर्ड प्रमुख से जवाब मांगा जाएगा।

**विवादों के बीच हुआ था टूर्नामेंट**

एशिया कप 2025 वैसे भी कई विवादों के साए में हुआ। टूर्नामेंट को 'ऑपरेशन सिंदूर' की छाया में आयोजित किया गया था। शुरू में लग रहा था कि भारत पाकिस्तान में नहीं खेलेगा, लेकिन बाद में बीसीसीआई ने सीमित सुरक्षा आश्वासन के बाद अनुमति दी। इसके बावजूद पूरे टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ियों ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ मिलाने से भी परहेज़ किया। मैदान के अंदर और बाहर दोनों जगह माहौल तनावपूर्ण रहा।

**भारत की ऐतिहासिक जीत**

सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में टीम इंडिया ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। बल्लेबाजी, गेंदबाजी और फील्डिंग तीनों विभागों में भारतीय खिलाड़ियों ने पाकिस्तान को पछाड़ दिया। भारत ने फाइनल में पाकिस्तान को 8 विकेट से हराया और लगातार तीसरी बार एशिया कप चैंपियन बना।

# गोल्फ जितना आसान दिखता है उतना है नहीं : कपिल



नई दिल्ली ।भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव संन्यास के बाद से ही गोल्फ खेलते रहे हैं। कपिल का कहना है कि ये खेल काफी आसान दिखता है पर होता नहीं है। अधिकतर लोग शुरुआती दिनों की ट्रेनिंग के बाद ही इसे छोड़ देते हैं। उन्होंने कहा कि लक्ष्य छोटा होने के कारण गोल्फ का खेल सीखना क्रिकेट से भी कठिन है। साथ ही कहा कि गोल्फरों को बेहद अच्छे मार्जिन के साथ काम करना पड़ता है, जिससे खेल कहीं अधिक कठिन हो जाता है। भारत की पहली विश्वकप विजेता टीम के कप्तान ने कहा कि गोल्फ का प्रशिक्षण भी काफी कठिन होता है। अधिकांश खिलाड़ी प्रशिक्षण के शुरुआती 15 दिनों के अंदर ही खेल छोड़ देते हैं। उन्होंने कहा, लक्ष्य जितना छोटा होगा, खेल उतना ही मुश्किल होता है। क्रिकेट में, आप कैसा भी शॉट लगकर स्कोर कर सकते हैं पर गोल्फ में ऐसा नहीं है। इसमें छोटी सी गलती से भी आप बाहर होते हैं।इसमें अधिकतर लोग हार के बाद निराशा में लोग खेल छोड़ देते हैं जबकि मैं चाहता हूं कि प्रतियोगी जीतें और गोल्फ कोर्स में वापस आएं। अपना प्रदर्शन दिखाएं और खेल का आनंद लें। यही सबसे अहम बात है। इस महान ऑलराउंडर ने कहा, गोल्फ एक ऐसा खेल है जिसे आप किसी भी उम्र में खेल सकते हैं। एक क्रिकेटर या फुटबॉलर के लिए 50 साल की उम्र में गेंदबाजी करना या दौड़ना संभव नहीं है। यहां, आप अपने पिता, अपने पोते-पोतियों, अपने दोस्तों, अपनी पत्नी के साथ खेल सकते हैं। यही कारण है कि यह खेल बड़ा है और तेजी से लोकप्रिय हो रहा है।

# रोहित और कोहली फार्म हासिल करने घरेलू क्रिकेट खेलना चाहिये : आरोन

मुम्बई ।भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज वरुण आरोन ने अनुभवी बल्लेबाजों विराट कोहली और रोहित शर्मा के ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले एकदिवसीय में विफल होने के बाद कहा है कि इन दोनो को घरेलू क्रिकेट खेलकर अपना फार्म और फिटनेस हासिल करनी चाहिये। आरोन के अनुसार विराट और रोहित को पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी से सीखना चाहिये। जिस प्रकार से धोनी ने टेस्ट से संन्यास लेने के बाद भी सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी खेली। वैसा ही इन दोनो को भी करना चाहिये। आरोन ने कहा, 卐 सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी नवंबर में शुरू होती है और फिर विजय हज़ारे ट्रॉफी दिसंबर में। इनके लिए खेल से जुड़े रहने का यही सबसे अच्छा तरीका है। साथ ही उम्मीद जतायी है कि ये दोनों बल्लेबाज़ इस पर ध्यान देंगे। आरोन के अनुसार अब ये दोनो एक ही प्रारुप खेलते हैं। ऐसे में इन्हें अभ्यास के लिए घरेलू क्रिकेट खेलना जरुरी है। एकदिवसीय मैच अब काफी कम होते हैं। ऐसे में खेलने का अधिक अवसर नहीं मिलता। गौरतलब है कि धोनी टेस्ट से संन्यास लेने के बाद भी घरेलू क्रिकेट में झारखंड की ओर से खेलते रहे और उसी साल उन्होंने सात विजय हज़ारे ट्रॉफी भी खेली। विराट और रोहित से क्रिकेट बोर्ड ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में खराब प्रदर्शन के बाद घरेलू क्रिकेट खेलने को कहा था। इसके बाद भी इन दोनो ही दिग्गजों ने केवल एक-कए मैच खेला था। अपने घरेलू मैच में भी ये दोनो विफल रहे थे।

# रिजवान को कप्तानी से हटाने के पीछे हैं कोच हेडन, फिलिस्तीन का खुलकर समर्थन करने से नाराज थे

लाहौर ।पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर राशिद लतीफ ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय क्रिकेट सीरीज के लिए मोहम्मद रिजवान को कप्तानी से हटाने के लिए कोच माइक हेसन को जिम्मेदारी बताया है। लतीफ ने कहा कि फिलिस्तीन का खुलकर समर्थन करने के कारण रिजवान को कप्तान से हटाया गया है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जारी टेस्ट सीरीज के दौरान पीसीबी ने रिजवान की जगह पर तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी को कप्तानी दी है। पीसीबी के इस फैसले के बाद से ही पाकिस्तान क्रिकेट में हड़कंप मचा है। लतीफ ने हेसन की आलोचना करते हुए कहा कि रिजवान ने गाजा-इजराइल संघर्ष पर सार्वजनिक रूप से फिलिस्तीन का समर्थन किया था जिससे हेसन नाराज थे। इसी वजह से हेसन ने रिजवान को कप्तानी से हटाया है। एक वीडियो में लतीफ ने कहा, 'उसने फिलिस्तीन का मामला उठाया तो उसे कप्तानी से हटा दिया गया। इस प्रकार की मानसिकता ठीक नहीं है।' लतीफ ने हेसन की आलोचना करते हुए कहा, 'इस फैसले के केवल कोच हैं। वह ड्रेसिंग रूम में पाकिस्तानी कल्चर को पसंद नहीं करते हैं। उनके पास अपने 5-6 लोगों की टीम है। वह ड्रेसिंग रूम में ऐसी संस्कृति को खत्म करना चाहेंगे।'गौरतलब है कि रिजवान ने इसी साल पाकिस्तान सुपर लीग के एक मैच में फिलिस्तीन की सहायता के लिए 1 लाख पाकिस्तानी रुपये दिये थे। रिजवान ने इस साल अप्रैल में एक मैच के दौरान अपने खिलाड़ियों द्वारा लगाए गए हर छक्के और विकेट के लिए अपनी पीएसएल फ्रैंचाइजी मुल्तान सुल्तान्स के माध्यम से फिलिस्तीनी चैरिटी को सहायता का वादा किया था।

# एशेज से पहले स्टीव स्मिथ का ऐलान, 'बस दो हिट्स और मैं तैयार हूं'

**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज बल्लेबाज़ स्टीव स्मिथ ने एशेज से पहले अपनी फिटनेस और तैयारियों को लेकर बड़ा बयान दिया है। न्यूयॉर्क में छोटे से ब्रेक के बाद उन्होंने पहली बार नेट्स में वापसी की और कहा कि उन्हें अब सिर्फ 'दो हिट्स' की जरूरत है ताकि वह पूरी तरह से लय में आ जाएं।

**चोट से उबरने के बाद मैदान में वापसी**

स्टीव स्मिथ इस साल की शुरुआत में हुई उंगली की चोट से परेशान थे। चोट के कारण वह वेस्टइंडीज दौरे से भी बाहर रहे थे। लेकिन अब वह पूरी तरह फिट महसूस कर रहे हैं और सिडनी में नेट अभ्यास शुरू कर चुके हैं। स्मिथ ने कहा, 'सच कहूं तो मुझे ठीक होने में दो हिट लगते हैं। अब मैं खेलने के लिए तैयार हूँ। मैं अच्छी फॉर्म में हूँ और खुद को मज़बूत महसूस कर रहा हूं।' उन्होंने यह भी बताया कि पिछले कुछ हफ्तों से वह जिम में कड़ी मेहनत कर रहे हैं और अपने स्ट्रेंथ टेस्ट में पहले से बेहतर प्रदर्शन किया है।

**कप्तानी की संभावना और कमिंस की स्थिति**

ऑस्ट्रेलिया के नियमित कप्तान पैट कमिंस की पीठ में दर्द के कारण पहले टेस्ट मैच के लिए उनकी उपलब्धता अनिश्चित मानी जा रही है। ऐसे में स्टीव स्मिथ के फिर से कप्तानी संभालने की संभावना बढ़ गई है। स्मिथ ने कहा, 'कमिंस अभी गेंदबाज़ी नहीं कर रहे हैं, लेकिन वो अच्छे मूड में हैं। उम्मीद है कि वो जल्दी फिट हो जाएँ। टीम उनके साथ और मजबूत होती है।' अगर कमिंस पहले टेस्ट से बाहर रहते हैं, तो स्मिथ एक बार फिर टीम की कमान संभाल सकते हैं जैसा उन्होंने 2021-22 की एशेज सीरीज में एडिलेड टेस्ट के दौरान किया था।

**कप्तान के रूप में स्मिथ का शानदार रिकॉर्ड**

स्टीव स्मिथ का कप्तान के रूप में प्रदर्शन हमेशा बेहतरीन रहा है। उनके नेतृत्व में उनका बल्लेबाजी औसत लगभग 69 रन प्रति पारी है, जबकि सामान्य रूप से यह 50 के करीब रहता है। 2021-22 एशेज में उन्होंने एडिलेड टेस्ट की पहली पारी में 93 रन बनाए थे जब कमिंस कोविड के कारण टीम से बाहर थे। उनकी शांत और रणनीतिक सोच ऑस्ट्रेलिया के लिए हमेशा फायदेमंद रही है।

**टीम संयोजन और स्कॉट बोलैंड पर भरोसा**

स्मिथ ने यह भी बताया कि अगर कमिंस नहीं खेल पाते, तो टीम के पास स्कॉट बोलैंड जैसे भरोसेमंद गेंदबाज हैं। उन्होंने कहा, 'स्कॉट बोलैंड हमारे पास एक शानदार विकल्प हैं। उनका प्रदर्शन ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियों में हमेशा बेहतरीन रहा है। इसके अलावा स्टार्क और हेजलवुड भी शानदार फॉर्म में हैं, इसलिए टीम को कोई बड़ी दिक्कत नहीं होगी।'





# पब्लिक रिलेशन में बनाना है कॅरियर

**अगर आप पीआर में अपना कॅरियर देख रहे हैं तो 12वीं के बाद, आप मास मीडिया, पत्रकारिता, या यहां तक कि जन संचार में स्नातक की डिग्री प्राप्त कर सकते हैं। ये आपको कम्युनिकेशन, समाजशास्त्र, डिजिटल विज्ञापन आदि जैसे विषयों में एक मुख्य आधार प्रदान करेंगी।**

आज के समय में युवा कई अलग-अलग क्षेत्रों में अपने भविष्य की तलाश करते हैं। अगर आपको लोगों से मिलना अच्छा लगता है और आप हमेशा कुछ नया करना चाहते हैं तो ऐसे में आप पब्लिक रिलेशन में अपना करियर तलाश कर सकते हैं। यह एक ऐसा करियर ऑप्शन है, जिसे सबसे प्रतिष्ठित और अच्छी तनख्वाह वाली कंपनियों में से एक माना जाता है। हालांकि, पब्लिक रिलेशन में करियर बनाने के लिए आपको कई बातों का ध्यान रखना होता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि आप पीआर में अपना करियर कैसे शुरू कर सकते हैं-

## एजुकेशन पर दें ध्यान

अगर आप पीआर में अपना कॅरियर देख रहे हैं तो 12वीं के बाद, आप मास मीडिया, पत्रकारिता, या यहां तक कि जन संचार में स्नातक की डिग्री प्राप्त कर सकते हैं। ये आपको कम्युनिकेशन, समाजशास्त्र, डिजिटल विज्ञापन आदि जैसे विषयों में एक मुख्य आधार प्रदान करेंगी। यदि आप किसी विशिष्ट उद्योग क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं, तो यह एक पोस्ट-ग्रेजुएट डिप्लोमा करें। उदाहरण के लिए, यदि आप पीआर के बारे में जानने के लिए सब कुछ सीखना चाहते हैं, तो अपने कौशल को अगले स्तर तक ले जाने के लिए एमआईसीए और अपग्रेड के जनसंपर्क एमए प्रोग्राम देखें। इस कार्यक्रम के साथ, आप सोशल मीडिया मार्केटिंग, कंटेंट मार्केटिंग, ब्रांडिंग, मार्केटिंग विश्लेषण और उद्योग से संबंधित कई अन्य स्किल्स को सीख सकते हैं।

## लें अनुभव

यह सच है कि किसी भी क्षेत्र अपना कॅरियर स्थापित करने के लिए अनुभव होना बेहद आवश्यक है। इसलिए, जब आप कॉलेज में हों तो इंटर्नशिप करना अच्छा रहेगा। यह न केवल आपको अपने पाठ्यक्रम में सीखी गई बातों को लागू करने में मदद करता है, बल्कि यह आपको उद्योग के कामकाज को समझने में भी सक्षम बनाता है। इस तरह, आपको पता चल जाएगा कि आपको किन स्किल्स को विकसित करने की आवश्यकता है। इतना ही नहीं, इंटर्नशिप करने के बाद आपके लिए एक अच्छी नौकरी प्राप्त करना भी अधिक आसान हो जाएगा।

## प्रोफेशनल नेटवर्क करें बिल्डअप

अगर आप पीआर फील्ड में खुद को स्थापित करना चाहते हैं तो पहले आपको प्रोफेशनल नेटवर्क भी बिल्डअप करना होगा। शुरू में आप सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपने प्रोफेशनल से संबंधित समूहों में शामिल हों जो आप कर सकते हैं। लिंक्डइन और यहां तक कि फेसबुक पर भी ऐसे कई ग्रुप हैं। आपको बस इतना करना है कि अपने आप को नियमित रूप से अपडेट रखें कि कौन अक्सर पोस्ट कर रहा है। ऐसा करने से, आप नवीनतम समाचारों पर भी अप-टू-डेट रहेंगे, कुछ नया सीखेंगे और उपयोगी व्यावसायिक संबंध विकसित करेंगे।





# रीडिंग कॉम्प्रिहेंशन की ऐसे करें तैयारी

**परीक्षाओं की तैयारी में लगे जो छात्र अच्छा स्कोर करना चाहते हैं, वे रीडिंग कॉम्प्रिहेंशन की तैयारी पर ध्यान दे सकते हैं।**

बैंकों व सरकारी संस्थानों में भर्ती का दौर शुरू हो गया है। इसमें रुकी हुई पुरानी भर्तियों के अलावा नई भर्तियां भी शामिल हैं। अब आप में से अधिकतर छात्र इन अवसरों का लाभ उठाने का प्रयास कर रहे होंगे, और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के बारे में योजनायें बना रहे होंगे। परीक्षा के दौरान अधिकतर छात्र असमंजस की स्थिति में होते है कि रीडिंग कॉम्प्रिहेंशन को हल करने का प्रयास करें या न करें। यह आपका समय नष्ट कर सकता है साथ ही अगर किसी आर्थिक विषय पर आधारित गद्यांश आ जाएं तो यह छात्रों के लिए और मुसीबत वाला हो जाता हैं। हालांकि आपको यह समझना होगा कि रीडिंग कॉम्प्रिहेंशन ही है जो आपको परीक्षा में अच्छे अंक प्रदान कर सकता है, क्योंकि इसमें व्याकरण से सम्बंधित नियम लागू नहीं होते और आपको उत्तर का अनुमान नहीं लगाना होता, आपको केवल गद्यांश को समझना होता है और आप सभी प्रश्नों का सही उत्तर दे सकते है। आज हम आपको बताएंगे इसे हल करने के कुछ स्ट्रैटेजी व टिप्स।

## पैसेज पर एक सरसरी निगाह डालें

परीक्षा के दौरान सबसे पहले आप पैसेज को सरसरी निगाह से देख लें। यहां पर आपको पूरे पैसेज को पढ़ने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि यहां पर आपका हर सेकंड कीमती होता है। देखने के बाद आप उस प्रश्न का उत्तर दे जिसके लिए आप पूरी तरह निश्चित हो।

## पहले प्रश्न पढ़ें, फिर उत्तर दें

परीक्षा के दौरान जब एक एक सेकेंड मायने रखता है, तब एक रणनीति आपको सफल बनाने में सहायता कर सकती है। अपना समय पूरा पैसेज पढ़ने में नष्ट न करें, पैसेज पढ़ने के स्थान पर पहले प्रश्नों को पढ़ने का प्रयास करें और फिर उसी के अनुसार पैसेज को पढ़े। जब आप टए में आवश्यक पंक्ति को देख लेंगे तो प्रश्न के अनुसार उत्तर देना आपके लिए आसान हो जायेगा। यदि आप अब भी उत्तर नहीं जान पा रहे है तो उस प्रश्न को तुरंत छोड़कर अगले प्रश्न की ओर बढ़ जाइये, किसी भी प्रश्न पर समय नष्ट मत कीजिए। इस तरह से प्रयास करने पर आप कम समय में गद्यांश के विषय और झुकाव के बारे में जान पायेंगे।

## शब्दावली आधारित प्रश्नों को हल करें

अगर आप कम समय में ज्यादा अंक अर्जित करना चाहते है, तो आपको शब्दावली आधारित प्रश्नों को हल करने का प्रयास करना चाहिए। इसके लिए आपको पुरे पैसेज को भी पढ़ने की आवश्यकता नहीं है। इन्हें हल करने में भी समय कम लगता है क्योंकि या तो आप शब्द का अर्थ जानते हो या नहीं जानते हो, यहां पर आप सही शब्द चुनने का प्रयास कर सकते हैं।

## लेखक का दृष्टिकोण समझें

रीडिंग कॉम्प्रिहेंशन में स्कोर करने के लिए लेखक का दृष्टिकोण समझना बहुत जरूरी है। आप यह समझने का प्रयास कीजिए कि लेखक क्या कहना चाहता है जैसे प्रश्नों से दूर रहने का प्रयास कीजिये, चूंकि ये सवाल आम तौर पर विवादास्पद और समय लेने वाले हैं और इसके लिए आपको पूरा पैसेज पढ़ना होगा।

## अपना ध्यान केन्द्रित रखो

रीडिंग कॉम्प्रिहेंशन में विषय सामग्री पर ध्यान दें। अपने दिमाग को भटकने से बचाए, क्योंकि यह दिन में सपने देखने से शुरू होता है। इसे वास्तविक जीवन पर केन्द्रित करें। अपने आप को समझाएं कि यह सपने आप परीक्षा देने के बाद देख सकते है। जब तक आप दृढ़ता से अध्ययन नहीं करेंगे तब तक आप अपने लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर सकते है।

## पैसेज के मुख्य आइडिया को समझे

सभी पैसेज का एक ऐसा मुख्य आइडिया होता है, जिस पर पूरा पैराग्राफ लिखा जाता है। कभी-कभी ऐसे प्रश्न भी पूछे जाते हैं जिससे पता चल सके कि आप पैराग्राफ में दिए गए मुख्य आइडिया को समझने में सक्षम हैं या नहीं। इसलिए, सबसे पहले पैसेज के आईडिया को समझें तभी आप अन्य प्रश्नों को जवाब दे पाएंगे।

## निरंतर अभ्यास जरूरी

जो छात्र खुद को रीडिंग कॉम्प्रिहेंशन में कमजोर समझते हैं, वे अभ्यास नहीं करते है। अधिकतर छात्र इसे घर पर हल नहीं करते है और न ही कोशिश करते हैं, इसकी जगह वे बहुत से बहाने बनाते है। परन्तु यह बहाने आपको सफल नहीं बना सकते। सफलता आपको तब तक नहीं प्राप्त होगी जब तक आप अपने डर और कमजोरी को हरा ना दें।

## पढ़ने की स्पीड बढ़ाएं

यह ध्यान रखें कि पैसेज पढ़ने के दौरान अपने होंठों को मत चलाइए, यह आपकी गति को धीमा कर देती है। रीडिंग कॉम्प्रिहेंशन के लिए आपको स्मार्ट होने की आवश्यकता है और यह आपको अभ्यास से ही प्राप्त हो सकता है। आप मन में पढ़े और अपनी स्पीड बढ़ाएं।





# हर प्रोफेशनल्स के लिए जरूरी है ये फोन एटिकेट्स

आज हम किसी से भी, कभी-भी और कहीं भी बात करने के लिए अपने सेलफोन का यूज करते हैं। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कहिमें जैसा चाहें वैसा फोन का उपयोग कर करें। प्रोफेशनल सेटिंग में फोन के उपयोग को लेकर समय और जगह को ध्यान रखना जरूरी होता है। आज हर प्रोफेशनल्स को इन 8 फोन एटिकेट्स को फॉलो करना जरूरी है :

- पहले अभिनवादन करें और अपना पूरा नाम बताएं। केवल अपना पहला नाम बताना हर प्रोफेशनल कॉल में बहुत अनौपचारिक लगता है, वहीं केवल आखिरी नाम बताना भी असभ्यता है।
- कुछ लोगों को यह अंदाजा नहीं होता है कि वे कितना तेज बोलते है, विशेष रूप से जब उनका पूरा ध्यान फोन पर बात कर रहे व्यक्ति पर होता है। अपने आसपास के माहौल के प्रति जागरूक रहें। आप कभी भी नहीं जानते कि आपकी बातों पर कौन ध्यान दे रहा है। सामने बैठे किसी व्यक्ति से आप बात कर रहे हैं, इतने में आपका फोन बज उठता है और फोन पर बात करने लगते हैं। यह एटिकेट्स नहीं है। अगर आप किसी महत्वपूर्ण कॉल के इंतजार में है और इसे रीशेड्यूल करना संभव न हो तो आप जिस शख्स से आप मिल रहे हैं, इसके बारे में उन्हें जानकारी दे दें।
- दूसरों से मीटिंग टेबल पर बात कर रहे हो तो अपना फोन टेबल पर न रखें। भले ही आप मीटिंग के दौरान फोन का जवाब न दें लेकिन यह ध्यान भटकाने के लिए काफी है।
- अगर आप मीटिंग या कॉन्फ्रेंस के बीच में है और ऐसे में आपका फोन बज उठता है तो यह अच्छी बात नहीं है इसे साइलेंट मोड पर रखें या बंद कर दें।
- प्रोफेशनल सेटिंग में यह बात भी मायने रखती है कि आपने अपने सेल का रिंगटोन क्या रखा है। लाउड और ब्लास्टिंग टोन रखने से पहले सोच लें कि इसे लेकर दूसरे क्या रिएक्ट करेंगे।
- अगर किसी प्रोफेशनल कॉल में आपको अपना फोन स्पीकर मोड पर रखना पड़ा हो तो आपको यह ध्यान रखना होगा कि उन्हें बता दें कि आप किसी के साथ बैठे हैं।
- लंबे वॉइसमेल्स न भेजें। छोटे और स्पष्ट संदेश छोड़ें। साफ बोले और व्यक्ति को यह बताएं कि आपने क्यों कॉल किया था। अगर आप फोन नंबर छोड़ रहे हैं तो इसे ये नंबर्स धीरे-धीरे बोले।



# नौकरीपेशा लोगों के लिए बेहतर विकल्प है डिस्टेंस एजुकेशन

**अगर आप किसी कारणों से नियमित कॉलेज नहीं जा सकें हो तो डिस्टेंस एजुकेशन एक बेहतर विकल्प साबित हो सकता है। डिस्टेंस एजुकेशन से मिलने वाली डिग्री भी रेगुलर की तरह ही होती है जिसका इस्तेमाल आप अपने करियर को आगे बढ़ाने के लिए कर सकते हैं।**

भारत जैसे देश में जहां आज भी बहुत सारे ज़िलों में कॉलेज या यनिवर्सिटीज नहीं हैं, वहां डिस्टेंस एजुकेशन का माध्यम खासा लोकप्रिय है। यह एक लचीला माध्यम है, जो छात्रों को पढ़ाई के दौरान दूसरे शौक को भी पूरा करने की छूट देता है। सबसे बड़ी बात यह कि यह कामकाजी और नौकरीपेशा वाले लोगों को भी उच्च शिक्षा की राह दिखा रहा है। इन डिस्टेंस लर्निंग सेंटर में डिप्लोमा, बैचलर डिग्री और पीजी व मैनेजमेंट कोर्स चलाए जाते हैं। कई डिस्टेंस लर्निंग सेंटर प्रोफेशनल कोर्स भी संचालित करते हैं जो रोजगारोन्मुख होते हैं। इनमें जर्नलिज्म एंड मास निकेशन, लाइब्रेरी साइंस, कम्प्यूटर कोर्सेस आदि शामिल है।

ओपन यूनिवर्सिटी में दाखिला लेना मुश्किल नहीं हैं। ये यूनिवर्सिटीज अपने नियमों के मामले में काफी लचीली होती हैं। यहां कोर्स की फीस भी अमूमन सामान्य संस्थानों के मुकाबले कम होती है। अकादमिक जानकारियों के लिए इन यूनिवर्सिटीज के कोर्स बेस्ट माने जाते हैं। कई यूनिवर्सिटीज में वीकएंड क्लासेज होती हैं, जिससे कामकाजी लोगों को सहूलियत होती है। पढ़ाई और नौकरी के बीच के समय का इस्तेमाल करने वालों के लिए ये यूनिवर्सिटीज ई-क्लास से लेकर छोटी अवधि वाली रेगुलर क्लासेज तक चला रही हैं।

## इग्नू और डिस्टेंस एजुकेशन

जो युवा नियमित कॉलेज नहीं जा सकते हैं, उनके लिए पढ़ाई करने और करियर बनाने के लिए एक बेस्ट यूनिवर्सिटी है। इग्नू की पढ़ाई का तरीका अन्य पारंपरिक यूनिवर्सिटीज से अलग है। इग्नू ने पढ़ाई का एक मल्टीमीडिया नजरिया अपनाया है। विज्ञान, कम्प्यूटर, नर्सिंग, इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी में पाठ्यक्रम भी शामिल है। यहां बीए जनरल कोर्स के साथ ही बीएससी जनरल की पढ़ाई भी होती है, जिसमें गणित, भौतिकी, रसायन, बॉटनी और जूलॉजी जैसे विषय भी पढ़ाए जाते हैं। यहां बीकॉम भी है। इसके अलावा बीबीए इन रिटेलिंग, बैचलर ऑफ टूरिज्म स्टडीज, बैचलर ऑफ सोशल वर्क और बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लिकेशन जैसे कोर्स हैं। इसके अलावा वोकेशनल ट्रेनिंग के रूप में सर्टिफिकेट और डिप्लोमा कोर्स भी है। यहां बीएड और डिप्लोमा इन एजुकेशन यानी डीएड कोर्स भी अब डिस्टेंस एजुकेशन में शामिल हो गया है।

## डिस्टेंस एजुकेशन की विशेषताएं

- डिस्टेंस एजुकेशन में स्टूडेंट को नियमित तौर पर किसी संस्थान में जाकर पढ़ाई करने की जरूरत नहीं होती।
- सूचना क्रांति और इन्टरनेट के कारण डिस्टेंस एजुकेशन और आसान एवं प्रासंगिक हो गयी है।
- विजुअल क्लासरूम लर्निंग, इंटरैक्टिव ऑनसाइट लर्निंग और वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए स्टूडेंट्स देश के किसी भी राज्य में रहकर घर बैठे पढ़ाई कर सकते हैं।
- डिस्टेंस एजुकेशन से पढ़ाई करने की फीस काफी कम है।
- जॉब करने के साथ-साथ पढ़ाई की जा सकती है।
- कम अंक आने पर भी मनपसंद कोर्स में दाखिला मिल जाता है।
- किसी भी कोर्स के लिए उम्र बाधा नहीं होती है।
- साधारण कोर्स के साथ ही वोकेशनल कोर्स तथा प्रोफेशनल कोर्स भी किये जा सकते हैं।

## प्रमुख डिस्टेंस एजुकेशन सेंटर्स

- इग्नू, दिल्ली
- सिम्बायोसिस सेंटर फॉर डिस्टेंट लर्निंग, पुणे
- कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी, कुरुक्षेत्र
- दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
- जामिया मिल्लिया इस्लामिया, दिल्ली
- अन्नामलाई यूनिवर्सिटी, तमिलनाडु
- पांडिचेरी यूनिवर्सिटी, पुड्डुचेरी
- हिमाचल यूनिवर्सिटी, शिमला
- गुरु जंभेश्वर, हिसार
- एमडीयू, रोहतक
- पंजाब टेक्निकल यूनिवर्सिटी
- सिक्किम मणिपाल यूनिवर्सिटी





# युवा पीढ़ी को पूरे मन से अपने जुनून को फॉलो करना चाहिए

अभिनेता अजय देवगन हाल ही में बॉलीवुड के उभरते अभिनेताओं को सुझाव देते दिखे। अजय देवगन ने नए उभरते सितारों को सलाह दी है कि वे अपना पैशन फॉलो करें और खुद पर यकीन बनाए रखें। एक्टर ने कहा, वे पूरे दिल से अपने जुनून का अनुसरण करें। डर और सेल्फ डाउट को अपने लक्ष्य पर हावी न होने दें।

### दे दे प्यार दे 2 का ट्रेलर रिलीज

बता दें कि अजय देवगन की फिल्म दे दे प्यार दे 2 का ट्रेलर रिलीज हो चुका है, जो काफी दिलचस्प है। उनकी यह रोमांटिक कॉमेडी फिल्म इस साल बाल दिवस पर यानी 14 नवंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। अजय देवगन के अलावा इस सीक्वल फिल्म में रकुल प्रीत सिंह, आर माधवन, मीजान जाफरी और जावेद जाफरी भी अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म का निर्देशन अंशुल शर्मा ने किया है। इसे टी-सीरीज फिल्म्स के बैनर तले लव रंजन और तरुण जैन प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिल्म की स्टारकास्ट फिल्म के ट्रेलर लॉन्च के लिए दिल्ली पहुंची। इस मौके पर अजय देवगन ने फिल्म इंडस्ट्री में तीन दशकों से ज्यादा समय तक काम करने के बाद बॉलीवुड में प्रासंगिक बने रहने का अपना सूत्र शेयर किया। अभिनेता ने आत्मविश्वास के महत्व पर जोर दिया और लोगों को सुझाव दिया कि वे सेल्फ बिलीव को मानें साथ ही कठिन मेहनत करते रहें। अजय देवगन ने कहा, आपको खुद पर विश्वास करने की जरूरत है। खुद पर यकीन रखना होगा और मेहनत करते रहनी होगी। मुझे नहीं लगता कि असुरक्षा की कोई जगह है। इसके लिए जिंदगी बहुत छोटी है।

### दिल की जरूर सुननी चाहिए

अजय देवगन ने अपने जीवन के सिद्धांतों पर जोर देते हुए युवा और उभरते कलाकारों से कहा, सफलता और असफलता की चिंता किए बिना, जीवन में पूरे मन से अपने जुनून को फॉलो करना चाहिए। अजय देवगन ने कहा, मैं युवा पीढ़ी से यही कहता रहता हूं, अगर आपको कोई चीज दिल से पसंद है, तो आगे बढ़ें और उसे करें। यह काम करेगा या नहीं, यह हम बाद में देखेंगे। अगर आपको कोई चीज दिल से पसंद है, तो आपको उसे करना चाहिए।



# उर्वशी रौतेला ने फिर थपथपाई अपनी पीठ

## इस कामयाबी के लिए अदा किया फैंस का शुक्रिया

दिवाली का त्योहार है। इंडस्ट्री में पार्टी और सेलिब्रेशन का दौर जारी है। हाल ही में उर्वशी रौतेला भी एक दिवाली पार्टी में शामिल हुईं। उनका दावा है कि इस दौरान उन्हें अपनी एक बड़ी सफलता के बारे में मालूम चला और इसे उन्होंने फैंस के साथ शेयर किया है। उर्वशी का दावा है कि उनके तीन चर्चित गाने एक-एक बिलियन व्यूज के करीब पहुंच गए हैं। दिलचस्प बात है कि यह सफलता हासिल करने वाली वह पहली और सबसे कम उम्र की भारतीय अभिनेत्री हैं।

### तीन गानों ने बनाया रिकॉर्ड

उर्वशी रौतेला ने आज शनिवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने रेड कलर की ड्रेस में अपनी स्टनिंग और स्टाइलिश फोटोज शेयर की है। इसके साथ लिखा लंबा नोट गौर करने लायक है। उर्वशी ने लिखा है, पहली और सबसे कम उम्र की भारतीय अभिनेत्री, जिसके तीन गाने अलग-अलग एक अरब व्यूज के करीब पहुचे हैं। कुल मिलाकर लगभग तीन अरब व्यूज हासिल हुए हैं। यह गाने हैं, सनम रे, हुआ है आज और लवडोज।

### फैंस ने दीं बधाई

इसी के साथ उर्वशी ने फैंस को धनतेरस और दिवाली की शुभकामनाएं भी दी हैं। मां लक्ष्मी आप और आपके परिवार पर समृद्धि, प्यार और रोशनी की बौछार करे। उर्वशी की इस सफलता पर फैंस उन्हें बधाई दे रहे हैं। बता दें कि उर्वशी के यह तीनों ही गाने काफी चर्चित रहे हैं। हालांकि, तीनों को एक-एक बिलियन व्यूज अब तक तो नहीं मिले हैं, मगर सनम रे गाना इस संख्या के करीब जरूर है। बाकी दोनों गानों को भी यूट्यूब पर अच्छे-खासे व्यूज मिले हैं।

### दिवाली पार्टी में मिली खूबसूरत न्यूज

उर्वशी ने आगे लिखा है, आप सभी को यह बताते हुए मुझे बेहद खुशी और गर्व महसूस हो रहा है। मुझे यह खूबसूरत न्यूज एक दिवाली पार्टी में पता चली। सच कहूं तो यह अभी भी काल्पनिक लग रहा है। आप सभी के प्रति मैं शुक्रगुजार हूं। मेरे कमाल के फैंस और शुभचिंतक, उन सभी के लिए जिन्होंने हमेशा मेरा साथ दिया और मेरा उत्साह बढ़ाया, सभी का शुक्रिया। आपको अंदाजा भी नहीं है कि मेरे दिल में आप सभी के लिए कितना प्यार है।




# डीजल में अभिनय करना शारीरिक और मानसिक रूप से चुनौतीपूर्ण था

तमिल सिनेमा के उभरते सितारे हरीश कल्याण की अपकमिंग एक्शन थ्रिलर डीजल 17 अक्टूबर को रिलीज हो गई है। इस फिल्म में हरीश ने पहली बार एक एक्शन हीरो का किरदार निभाया है। इस फिल्म का निर्देशन शन्मुगम मुथुसामी ने किया है। एक इंटरव्यू में हरीश कल्याण ने बताया कि डीजल में काम करना शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से बेहद थकाऊ था। हरीश कल्याण ने कहा, निर्देशक शन्मुगम मुथुसामी की रिसर्च और डिटेलिंग ने मुझे हैरान कर दिया। उनकी स्क्रिप्ट की गहराई ने मुझे मंत्रमुग्ध कर दिया और मुझे पूरा यकीन है कि दर्शक भी इसे खूब पसंद करेंगे। पेट्रोल और डीजल हर किसी की जिंदगी से जुड़े हैं, और सोने से ज्यादा वैल्यूएबल कच्चा तेल, जिसे ब्लैक गोल्ड कहते हैं, दुनिया का सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाला रिसोर्स है। हम रोज पेट्रोल पंप जाते हैं, लेकिन कच्चे तेल की उस डार्क वर्ल्ड के बारे में शायद ही सोचते हैं। डीजल उसी दुनिया को एक्सप्लोर करेगी। उन्होंने आगे कहा, यह फिल्म ग्लोबल ऑडियंस के लिए एक फ्रेश और अनोखा एक्सपीरियंस लेकर आएगी। इसे गहराई और पर्पज के साथ क्राफ्ट किया गया है, और बड़े स्केल पर प्रोड्यूस किया गया है। हमने क्रिएटिव रिस्क लिए हैं जो कुछ अलग लेवल के हैं। दुनिया की सबसे बिजी लोकेशन्स पर शूटिंग करना सच में एक बड़ा चैलेंज था, लेकिन साथ ही एक्साइटिंग भी। बताया जा रहा है कि अभिनेता हरीश कल्याण ने इस रोमांचक थ्रिलर पर बड़ा दांव लगाया है।

# सोनाक्षी सिन्हा ने प्रेग्नेंसी अफवाहों पर चुप्पी तोड़ी



एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा ने अपनी प्रेग्नेंसी की खबरों पर चुप्पी तोड़ते हुए मजेदार अंदाज में जवाब दिया है। रमेश तौरानी की दिवाली पार्टी की तस्वीरें शेयर करते हुए उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा, मानव इतिहास में सबसे लंबी प्रेग्नेंसी का वर्ल्ड रिकॉर्ड मेरे नाम है ( 16 महीने पूरे हो गए हैं, हमारी समझदार मीडिया के हिसाब से)। ये सब सिर्फ इसलिए क्योंकि मैंने पेट पर हाथ रखकर पोज दिया था। आखिरी स्लाइड तक स्क्रॉल करें और हमारा रिएक्शन देखें... फिर इस दिवाली बस चमकते रहिए! दरअसल, दो दिन पहले सोनाक्षी और जहीर डिजाइनर विक्रम फडनीस के शो में शामिल हुए थे। इवेंट में हिस्सा लेने के लिए सोनाक्षी ने रेड और वाइट रंग की अनारकली पहनी थी। रेड कारपेट पर पैपराजी के लिए पोज देते समय वो दुपट्टे से अपना पेट कवर करती दिखीं। एक वीडियो में वो पेट पर हाथ रखते भी नजर आईं, जिसके बाद से ही उनकी प्रेग्नेंसी की अफवाहें चलने लगीं। वहीं, बुधवार को कपल प्रोड्यूसर रमेश तौरानी की दिवाली पार्टी में पहुंचा था। इस दौरान दोनों मलाइका अरोड़ा के बेटे अरहान और सोहेल खान के बेटे के साथ पैपराजी को पोज देते दिखे। सोनाक्षी और जहीर ने लंबे समय तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद साल 2024 में शादी की थी। दोनों ने अपने करीबी लोगों की मौजूदगी में घर पर ही शादी रजिस्टर करवाई थी। कपल अक्सर सोशल मीडिया पर अपने डे टू डे लाइफ के वीडियो भी शेयर करते रहते हैं।

# द राजा साब के बाद मालविका मोहनन को मिली मेगा 158




तेलुगु सिनेमा की दुनिया से बड़ी खबर सामने आ रही है। जल्द ही प्रभास के साथ फिल्म 'द राजा साब' में नजर आने वाली साउथ की खूबसूरत अभिनेत्री मालविका मोहनन अब मेगास्टार चिरंजीवी के साथ बड़े पर्दे पर रोमांस करती नजर आ सकती हैं। यह खबर सुनते ही फैंस के बीच इसे लेकर काफी उत्साह नजर आ रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, निर्देशक बॉबी कोली की अगली फिल्म 'मेगा 158' में चिरंजीवी मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में दो हीरोइनों को कास्ट किया जा रहा है, जिनमें से एक के लिए मालविका मोहनन का नाम चर्चा में है। अगर सब कुछ तय हुआ, तो 'द राजा साब' के बाद यह मालविका की दूसरी तेलुगु फिल्म होगी, जो उनके करियर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकती है। मालविका के करीबी सूत्रों का कहना है कि अभिनेत्री के लिए मेगास्टार चिरंजीवी के साथ स्क्रीन शेयर करना किसी सपने से कम नहीं है। चिरंजीवी और बॉबी की पिछली फिल्म 'वाल्टेयर वीरैया' सुपरहिट रही थी, ऐसे में दर्शकों को इस नई जोड़ी से भी काफी उम्मीदें हैं।

# लंबे समय के बाद पर्दे पर वापसी करना एक नई शुरुआत जैसा लग रहा है



बॉलीवुड एक्ट्रेस इशिता दत्ता बहुत जल्द फिल्म दे दे प्यार दे 2 में काम करती दिखाई देंगी। उन्होंने बताया कि जब वह गर्भवती थीं तभी उन्होंने इस फिल्म की शूटिंग शुरू की थी। यह उनके लिए एक चुनौतीपूर्ण दौर था, लेकिन उन्होंने इसे सफलतापूर्वक पूरा किया। इशिता ने यह भी बताया कि शूटिंग के समय उन्होंने अपनी प्रेग्नेंसी की न्यूज को सीक्रेट रखा ताकि काम पर असर न पड़े। दो बच्चों, बेटे वायु और बेटी वेदा की मां बनने के बाद यह उनकी पहली फिल्म है जो रिलीज होने जा रही है। इशिता ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल के स्टोरीज सेक्शन में 'दे दे प्यार दे 2' के पोस्टर के बगल में अपनी एक तस्वीर साझा की। इसमें अभिनेत्री ने बताया कि इतने लंबे समय के बाद पर्दे पर वापसी करना एक नई शुरुआत जैसा लग रहा है। उन्होंने पोस्ट में लिखा, इस फिल्म के लिए बेहद उत्साहित हूं... दोनों बच्चों के बाद मेरी पहली फिल्म। इसकी शूटिंग के दौरान मैं गर्भवती थी। 4 साल बाद वापसी करना बहुत अजीब लग रहा है, मानो एक नई शुरुआत हो... आप सभी का आशीर्वाद चाहिए... क्या मैं कह सकती हूं कि मैं पोज देना भूल गई हूं, एक नई शुरुआत के लिए उत्साहित हूं। हाल ही में फिल्म दे दे प्यार दे 2 का ट्रेलर रिलीज हुआ था। इसमें आयशा नाम की लड़की की स्टोरी है जो एक ऐसे शख्स से प्यार करती है जो उम्र में उनसे काफी बड़ा है। इसमें अजय देवगन और रकुल प्रीत सिंह लीड रोल में दिखाई देंगे।



# दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी में दूल्हे के रोल में दिखेंगे संजय मिश्रा किरदार को टर्निंग प्वाइंट बताया

**बॉलीवुड अभिनेता संजय मिश्रा की नई फिल्म दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी का अनाउंसमेंट हाल ही में हुआ था। इस फिल्म में वह एक दूल्हे के रोल में दिखाई देंगे। ऐसा दूल्हा जो दूसरी बार शादी करने वाला है और शादी के लिए लड़की वालों को दहेज तक देने को तैयार है।**

संजय मिश्रा ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, दुल्हन मिल गई है, अब तैयार हो जाइए क्योंकि बारात जल्द ही आने वाली है, आपके नजदीकी या थोड़ी दूर सिनेमाघरों में। इस पोस्टर में महिमा चौधरी को दुल्हनिया के रूप में दिखाया गया है, जबकि संजय मिश्रा उनकी तस्वीर लिए बैठे दिख रहे हैं। संजय मिश्रा ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया कि यह किरदार उनके लिए क्यों खास है। अभिनेता ने कहा, दुर्लभ प्रसाद एक ऐसा किरदार है जिसे आप उसकी सादगी और मासूमियत के लिए पसंद करेंगे। इमोशन के साथ कॉमेडी हमेशा खास होती है, और इस फिल्म में दोनों ही भरपूर हैं। मैं दर्शकों को इस अनोखे दूल्हे और उसके अनोखे सफर से रूबरू कराने के लिए उत्साहित हूं। वहीं, फिल्म के निर्माता एकांश बच्चन और हर्ष बच्चन ने बताया कि इस फिल्म की कहानी ऐसी है जो दर्शकों को हंसाने के साथ ही सोचने को भी मजबूर कर देगी। इसमें एक गहरा सामाजिक संदेश भी छिपा है। इससे पहले फिल्म की घोषणा करते हुए एक पोस्ट में संजय मिश्रा ने लिखा था, टैग करें, शेयर करें और जीवनसंगिनी ढूंढने में दुर्लभ प्रसाद का साथ दें। दुल्हन खोज अभियान से जुड़िए, कौन जाने आपका एक शेयर किसी की जिंदगी में प्यार भर दे।

दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी में महिमा चौधरी, पलक लालवानी, प्रवीण सिंह सिसोदिया, और श्रीकांत वर्मा जैसे कलाकार भी हैं। एका एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी इस फिल्म में एक ऐसे बेटे की कहानी है जो विधुर पिता की दूसरी शादी करवाना चाहता है। इस फिल्म को सिद्धांत राज सिंह ने डायरेक्ट किया है। फिलहाल फिल्म की रिलीज डेट नहीं आई है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादक: जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in